बुन्देलखण्ड सम्भाग में अनुसूचित जाति के किशोर - वर्ग विद्यार्थियों की अभिवृत्ति का शैक्षिक - निष्पत्ति, बुद्धि, स्मृति तथा आकाँक्षा - स्तर से सम्बन्ध
एक अध्ययन

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

में

पी - एच० डी० (शिक्षा) की उपाधि हेतु प्रस्तुत

शोध – ग्रन्थ

1996

पर्यवेक्षक :

डॉ. वी. पी. अग्रवाल

एम० ए० (अर्थ०, इति०) एम० एड०

पी–एच० डी०, डी० लिट् (शिक्षा)

रीडर (परास्नातक शिक्षक प्रशिक्षण विभाग)

ए०एन०डी०टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, सीतापुर

विषय विशेषज्ञ–आर० डी० सी० (शिक्षा)

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी (उ०प्र०)

शोधकर्ता :

उमाकान्त पोरवाल

अध्यक्ष–शिक्षा शास्त्र विभाग

बुन्देलखण्ड महाविद्यालय

झांसी (उ० प्र०)

डॉ. वी.पी. अग्रवाल
एम.ए. (अर्थ. इति.) एम.एड.
पी-एच.डी. (शिक्षा) डी.लिट्. (शिक्षा)

फोन : ४४२२० (निवास)
एस.टी.डी. कोड : ०५८६२

■ रीडर (परा० शिक्षक प्रशिक्षण विभाग)
ए.एन.डी.टी.टी (पो.ग्रे.) कालेज, शिक्षा संकाय कालेज,
सीतापुर (कानपुर विश्वविद्यालय)

विषय विशेषज्ञ :
■ आर.डी.सी. (शिक्षा)
बुन्देलखण्ड वि.वि. झांसी (उ.प्र.)

ए-७१, पंचवटी आवास विकास कालोनी,
सीतापुर - २६१ ००१. (उ.प्र.).

दिनांक 01/7/96

प्रमाण - पत्र
****

मैं प्रमाणित करता हूँ कि श्री उमाकान्त पोरवाल ने "बुन्देलखण्ड सम्भाग में अनुसूचित जाति के किशोर वर्ग विद्यार्थियों की अभिवृत्ति का शैक्षिक निष्पत्ति, बुद्धि, स्मृति तथा आकांक्षा स्तर से सम्बन्ध-एक अध्ययन " विषय पर बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के शोध अध्यादेश में उल्लिखित निर्धारित अवधि तक उपस्थित रहकर मेरे निर्देशन में परिश्रम के साथ शोध कार्य पूर्ण किया है । इसकी विषय सामग्री मौलिक है । यह बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के पीएच0 डी0 के सभी उपबन्धों की पूर्ति करता है । मैं संस्तुति करता हूँ कि यह इस योग्य है कि मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किया जाये ।

(डा0 वी0 पी0 अग्रवाल)
रीडर, एम0एड0 विभाग,
आचार्य नरेन्द्र देव टी0टी0 पो0ग्रे0 कालेज,
सीतापुर (उ0प्र0)

प्राक्कथन

शिक्षा किसी भी विकास के समुदाय का सबसे महत्वपूर्ण साधन मानी गयी है। विश्व के सभी देशों में मानव संसाधन के विकास में शिक्षा की भूमिका को अपरिहार्य माना गया है। भारतीय समाज में जन सामान्य के लिये और विशेष रूप से अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के बहुमुखी विकास के लिये शैक्षिक सुविधाओं के विकास की आवश्यकता अनुभव की गयी है। वर्तमान बदली हुई परिस्थितियों और प्रगति के नये अवसरों के साथ समाज के कमजोर वर्गो के लिये अपना समुचित समायोजन कर सके, इस दृष्टि से शिक्षा का विशेष महत्व है। अनुसूचित जातियों के लिये शिक्षा एक ऐसा प्रेरणा स्त्रोत है जिससे न केवल उनका आर्थिक विकास होता है बल्कि उनमें आत्मविश्वास और नई चुनौतियों का सामना करने की क्षमता भी विकसित होती है ।

ब्रिटिश शासन काल में इन जातियों की दशा सुधारने के लिये प्रयत्न किये जा रहे । स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् केन्द्रीय सरकार और सम्बन्धित राज्य सरकारें इनकी शिक्षा तथा आर्थिक दशा सुधारने के लिए लगातार प्रयत्नशील है। अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के शैक्षिक उन्नयन के लिए केन्द्र सरकार ने एक **'मेरिट उन्नयन'** योजना 1987-88 से प्रारम्भ की है। इसका उद्देश्य इन जातियों के छात्रों के शैक्षिक स्तर को उन्नत करना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग प्रत्येक वर्ष इन वर्गो के छात्रों को जूनियर फैलोशिप देता है परन्तु फिर भी इन जातियों का साक्षरता का प्रतिशत बहुत कम है। तथा शिक्षा प्रसार की गति धीमी है। अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को ज्यादा शैक्षिक सुविधायें देने के बाद भी इनके शैक्षिक पिछड़ेपन के कारणों को जानने की आवश्यकता अनुभव की गयी । इसकी खोज करने के लिये ही हरिजन छात्रों की बैद्धिक उपलब्धि, आकांक्षा स्तर तथा शैक्षिक निष्पत्ति का अध्ययन करना भी आवश्यक हो गया। इसी उद्देश्य से शोध हेतु यह विषय लिया गया ।

शोध ~~प्रबन्ध~~ ग्रन्थ डॉ0 वी0 पी0 अग्रवाल, रीडर, आचार्य नरेन्द्र देव पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, सीतापुर के सुयोग्य निर्देशन में लिखा गया है। विषय चयन, सामग्री संकलन तथा विश्लेषण में पग-पग पर उनका सहयोग तथा उत्साहवर्धन आशीष मुझे मिला है । मैं उनके विद्वतापूर्ण उपकार का ऋणी हूँ । उनके इस उपकार की अनुभूति मेरी वैयक्तिक थाती है मैं उनके इस उपकार एवं सहयोग के लिये किसी औपचारिक शब्द के प्रयोग से कम नहीं करना चाहता ।

शोधकर्ता डॉ0 कमलेश शर्मा, अनुभाग अधिकारी, (रिसर्च) बुन्देलखण्ड विश्व विद्यालय झाँसी का आभारी है जिनकी प्रेरणा से यह शोधकार्य पूरा हो सका ।

मैं अपनी पत्नी तथा बच्चों का उल्लेख किये बिना नहीं रह सकता जिनको मेरी व्यस्तता के कारण दैनिक जीवन में अनेक कठिनाइयां उठानी पड़ी फिर भी उनका सभी कार्यो में पूर्ण सहयोग रहा ।

शोधकर्ता उन विद्यालयों के समस्त अध्यापकों तथा प्रधानाध्यापकों का आभारी है जिन्होंने विद्यालयों एवं अपने निजी कार्यो में व्यस्त होते हुये भी उपकरण भरवाने में सहायता प्रदान की।

उमाकान्त पोरवाल
अध्यक्ष,
शिक्षाशास्त्र विभाग
बुन्देलखण्ड कालेज
झाँसी

तालिकाओं की सूची

तालिका क्रमांक	विवरण	पेज नं0
3.1	बीस जोड़े स्मृति परीक्षण सम्बन्धी सूची	74-75
3.2	अभिवृत्ति मापन हेतु प्रथम ड्राफ्ट के अन्तर्गत चुने गये विद्यालयो की सूची ।	78
3.3	विद्यार्थियों के विवरण सम्बन्धी पत्रक ।	79-80
3.4	उच्च एवं निम्न समूह के उत्तर देने के तरीके का विवरण ।	80-81
3.5	'टी' मूल्य की गणना ।	
4.1	नगरीय विद्यालय में कक्षावार प्रयोगार्थियों की संख्या ।	84
4.2	ग्रामीण विद्यालयों में कक्षावार प्रयोगार्थियों की संख्या ।	85
4.3	अनुसूचित जाति तथा सामान्य जाति के छात्रों की कुल संख्या ।	86
4.4	ग्रामीण तथा नगरीय विद्यालयों की कुल संख्या ।	86
4.5	अभिवृत्ति मापने की विश्वसनीयता की जानकारी हेतु प्रत्येक सातवें अंक का चयन सम्बन्धी तालिका ।	93
4.6	सम अंकों तथा विषम अंकों सम्बन्धी सहसम्बन्ध गुणांक तालिका	94-95
4.7	शिक्षकों द्वारा अभिवृत्ति मापन तथा सहसम्बन्ध विवरणॉक ।	97-98
4.8	तत्व निर्धारण तालिका	101
5.1-अ-	विभिन्न घटकों तथा उनके स्तरानुकुल संकेतॉक ।	128
5.1-ब-	विभिन्न समूहों के संकेतॉक ।	128
5.1-स-	विभिन्न चरों के संकेतॉक ।	129
5.1-द-	'जेड' तत्वों के संकेतॉक ।	129
5.2	'एनोवा' तालिका - विश्लेषण के आधार पर ।	130
5.3-अ-	शैक्षिक उपलब्धि हेतु विश्लेषण तालिका ।	133
5.3-ब-	तालिकाओं का मध्यमान ।	134

तालिका क्रमांक	विवरण	पेज नं0
5.3-स-	तुलनात्मक तालिका (ए × जेड़)	135
5.3-द-	अनुसूचित जातियों हेतु समायोजन के विशलेषण सम्बन्धी तालिका ।	137
5.3-य-	समायोजन मध्यमान तथा विश्वासनीयता परीक्षण ।	137
5.3-र-	सामान्य जाति हेतु समायोजन का विश्लेषण सम्बन्धी तालिका ।	138
5.3-ल-	समायोजन मध्यमान तथा विश्वसनीयता परीक्षण ।	138
5.4-अ-	स्मृति हेतु विश्लेषण सम्बन्धी तालिका ।	140
5.4-ब-	मध्यमान तालिका ।	140
5.4-स-	तुलनात्मक तालिका (ए × जेड़)	141
5.4-द-	अनुसूचित जाति हेतु विश्लेषण सम्बन्धी तालिका ।	143
5.4-य-	समायोजन मध्यमान तथा विश्वसनीयता परीक्षण ।	143
5.4-र-	सामान्य जाति हेतु विश्लेषण तालिका ।	144
5.4-ल-	समायोजन मध्यमान तथा विश्वसनीयता परीक्षण ।	144
5.5-अ-	आकॉक्षा स्तर हेतु विश्लेषण तालिका ।	146
5.5-ब-	मध्यमान तालिका ।	146
5.5-स-	तुलनात्मक तालिका (ए×जेड़)	147
5.5-द-	अनुसूचित जाति हेतु विश्लेषण तालिका ।	150
5.5-य-	समायोजन मध्यमान एवं विश्वसनीयता परीक्षण .	150
5.5-र-	सामान्य जाति हेतु विश्लेषण तालिका ।	151
5.5-ल-	समायोजन मध्यमान तथा विश्सनीयता परीक्षण ।	151
5.6-अ-	अभिवृत्ति हेतु विश्लेषण तालिका ।	153
5.6-ब-	मध्यमान तालिका ।	153
5.6-स-	तुलनात्मक तालिका (ए×जेड़)	154
5.6-द-	अनुसूचित जाति हेतु विश्लेषण तालिका ।	156
5.6-य-	समायोजन मध्यमान तथा विश्वसनीयता परीक्षण ।	156

तालिका क्रमॉक	विवरण	पेज नं0
5.6-र-	अनुसूचित जाति हेतु विश्लेषण तालिका ।	157
5.6-ल-	समायोजन मध्यमान तथा विश्वसनीयता परीक्षण ।	157
5.7-अ-	बुद्धि हेतु विश्लेषण तालिका ।	159
5.7-ब-	मध्यमान तालिका ।	159
5.7-स-	तुलनात्मक तालिका ।	160
5.7-द-	अनुसूचित जाति हेतु विश्लेषण तालिका ।	162
5.7-य-	समायोजन मध्यमान तथा विश्वसनीयता परीक्षण ।	162
5.7-र-	सामान्य जाति हेतु विश्लेषण तालिका ।	164
5.7-ल-	समायोजन मध्यमान तथा विश्वसनीयता परीक्षण ।	164
5.8-अ-	कुल सहसम्बन्ध गुणॉक (जीरो आर्डर) अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिये ।	167
5.8-ब-	ऑशिक सहसम्बन्ध गुणॉक ।	167
5.9-अ-	कुल सहसम्बन्ध गुणॉक (जीरो आर्डर) सामान्य के विद्यार्थियों के लिए ।	168
5.9-ब-	ऑशिक सहसम्बन्ध गुणॉक ।	168
5.10-अ-	ग्रामीण विद्यार्थियों हेतु कुल सहसम्बन्ध गुणॉक (जीरो आर्डर)	170
5.10-ब-	ऑशिक सहसम्बन्ध गुणॉक ।	170
5.11-अ-	नगरीय विद्यार्थियों हेतु सहसम्बन्ध गुणॉक (जीरो आर्डर)	172
5.11-ब-	ऑशिक सहसम्बन्ध गुणॉक ।	172
5.12-अ-	कुल सहसम्बन्ध गुणॉक (जीरो आर्डर) केवल बालकों हेतु ।	174
5.12-ब-	ऑशिक सहसम्बन्ध गुणॉक ।	174
5.13-अ-	कुल सहसम्बन्ध गुणॉक (जीरो आर्डर) केवल बालिकाओं हेतु ।	176
5.13-ब-	ऑशिक सहसम्बन्ध गुणॉक ।	176
5.14-अ-	सभी विद्यार्थियों हेतु सहसम्बन्ध गुणॉक (जीरो आर्डर)	178
5.14-ब-	ऑशिक सहसम्बन्ध गुणॉक ।	178

अनुक्रमाणिका

****

अध्याय			पेज नं0
	प्रमाण पत्र		
	आभार स्वीकृति पत्र		
	तालिकाओं की सूची		
प्रथम	**प्रस्तावना**		1-26
	1.1	शोध समस्या की आवश्यकता एवं महत्व	
	1.2	समस्या के पदों को परिभाषीकरण	
	1.21	अभिवृत्ति	
	1.22	अनुसूचित जाति	
	1.23	सामान्य जाति	
	1.24	शिक्षा	
	1.25	शैक्षिक उपलब्धि	
	1.26	किशोरावस्था	
	1.27	बुद्धि	
	1.28	स्मृति	
	1.29	आकांक्षा का स्तर	
	1.3	शोध के उद्देश्य	
	1.4	शोध की परिकल्पना	
	1.5	शोध का प्रारूप	
द्वितीय	**सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण**		27-66
	2.1	सम्बन्धित साहित्य का महत्व	
	2.2	भारत तथा विदेशों में हुये शोधकार्य	
	2.3	सम्बन्धित शोधों के आधार पर निष्कर्ष	
	2.4	सामान्य निष्कर्ष	

अध्याय			पेज नं.
तृतीय	**शोध की विधि**		67-81
	3.1	शोध में प्रयुक्त विधियां	
	3.11	ऐतिहासिक विधि	
	3.12	प्रयोगात्मक विधि	
	3.13	वर्णनात्मक विधि	
	3.2	शोध में प्रयुक्त विवरणात्मक विधि का औचित्य	
	3.3	स्मृति परीक्षण का निर्माण	
	3.4	अभिवृत्ति मापनी का निर्माण	
	3.41	अभिवृत्ति मापनी का प्रशासन	
	3.42	स्वनिर्मित अभिवृत्ति की गणना	
	3.431	छात्रों का विषय पत्रक	
	3.432	उत्तर देने की प्राविधि	
	3.5	आकांक्षा स्तर का मापन परीक्षण	
	3.51	अभिवृत्ति मापनी परीक्षण	
	3.6	बुद्धि परीक्षणों का विवरण	
	3.7	शैक्षिक उपलब्धि प्राप्तांकों का एकत्रीकरण	
चतुर्थ.	**आँकड़ों का एकत्रीकरण**		82-127
	4.1	शोध की जनसंख्या	
	4.2	अभिवृत्ति मापनी	
	4.21	अभिवृत्ति मापनी की विश्वसनीयता	
	4.22	अभिवृत्ति मापनी की वैधता	
	4.23	अभिवृत्ति मापनी के निर्धारक तत्व	
	4.24	अभिवृत्ति मापनी द्वारा प्राप्त आँकड़ों का विवरण	

अध्याय			पेज नं.
	4.3	स्मृति परीक्षणों का प्रशासन	
	4.31	स्मृति परीक्षण द्वारा ऑकड़ों का एकत्रीकरण	
	4.4	एल.ए. कोडिंग परीक्षण का प्रशासन	
	4.41	एल.ए. कोडिंग परीक्षण द्वारा ऑकड़ों एकत्रीकरण	
	4.5	बुद्धि परीक्षणों का प्रशासन	
	4.51	बुद्धि परीक्षण द्वारा ऑकड़ों का एकत्रीकरण	
	4.6	शैक्षिक उपलब्धि के ऑकड़े	
	4.7	विभिन्न चरों हेतु समूह के आधार पर ऑकड़ों का एकत्रीकरण	
	4.71	ग्रामीण अनुसूचित जाति के लड़के	
	4.72	ग्रामीण अनुसूचित जाति की लड़कियां	
	4.73	शहरी अनुसूचित जाति के लड़के	
	4.74	शहरी अनुसूचित जाति की लड़कियां	
	4.75	ग्रामीण सामान्य लड़के	
	4.76	ग्रामीण सामान्य लड़कियां	
	4.77	शहरी सामान्य लड़के	
	4.78	शहरी सामान्य लड़कियां	
पंचम	**ऑकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण**		128-180
	5.1	ऑकड़ो का विभेदीकरण	
	5.2	सह सम्बन्ध गुणांक	
षष्टम्	**ऑकड़ों का विभेदीकरण तथा निष्कर्ष**		181-202
	6.1	परिकल्पनाओं का सत्यापन	
	6.2	उद्देश्यों की प्राप्ति	
	6.3	उपरोक्त अध्ययन के आधार पर निकाले गये निष्कर्ष	
	6.4	सामान्य निष्कर्ष	

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची पेज नं.

परिशिष्ट 203-214

परिशिष्ट नं.0 1 अभिवृत्ति मापनी परीक्षण (प्रथम ड्राफ्ट)

परिशिष्ट नं0 2 अभिवृत्ति मापनी परीक्षण (फाइनल ड्राफ्ट)

परिशिष्ट नं0 3 सामान्य बुद्धि परीक्षण का समूह परीक्षण (द्वारा डा0 जलोटा)

परिशिष्ट नं0 4 सामान्य बुद्धि परीक्षण-समूह परीक्षण की उत्तर सूची ।

परिशिष्ट नं0 5 सामान्य बुद्धि परीक्षण-समूह परीक्षा-उत्तरमाला

परिशिष्ट नं0 6 एल.कोड़िग टेस्ट, डा. अनवर अन्सारी तथा डा. गजला अन्सारी

प्रथम अध्याय

प्रथम अध्याय
****

भारत का संविधान केवल वैधानिक उपलब्धि का संकलन मात्र नहीं है अपितु इसमें राष्ट्र की आत्मा के भी दर्शन होते हैं। इसमें देश की जनता की आशाओं , आकांक्षाओं और जीवन लक्ष्यों की झाँकी परिलक्षित होती है। भारतीय संविधान में अतीत की महत्ता वर्तमान का संघर्ष और भविष्य की उज्ज्वलता का संकेत प्राप्त होता है, संविधान तो एक प्रकार का साधन है साध्य तो देश की स्वतन्त्रता, समानता और सुरक्षा को अक्षुण्य रखते हुये प्रत्येक देशवासियों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय प्रदान करना है। भारत गणराज्य का आदर्श और उद्देश्य किस प्रकार के राष्ट्र का निर्माण करता है , इसका निर्देशन संविधान की प्रस्तावना में किया गया है ।

भारतीय संविधान की धारा-15 के अनुसार "राज्य किसी भी नागरिक के साथ, जन्म, स्थान फर्म तथा लिंग के आधार पर भेद-भाव नहीं करेगा ।"

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 45 में प्राविधान है कि लोकतंत्र को सफल बनाने तथा उसकी सुरक्षा एवं जीवितता (सरवाइवल) के लिये सभी नागरिकों का शिक्षित होना अति आवश्यक है। लोकतन्त्र वह शासन पद्धति होती है जिसमें सर्वोच्च सत्ता शासन के हाथ होती है। अब लोकतंत्र के लिये सार्वजनिक मताधिकार का होना आवश्यक समझा जाता है और मताधिकार का समुचित प्रयोग करने के लिये मतदाता को कुछ न कुछ सामान्य शिक्षा देना परमावश्यक है ।

भारत वर्ष में आज भी पूरा समाज स्पष्ट रूप से दो भागों में विभाजित है। प्रथम 'उच्च वर्ग' तथा दूसरा 'निम्न वर्ग' । इस प्रकार हमारा पूरा भारत देश इन दो वर्गों में सिमट कर रह गया है। उच्च वर्ग के व्यक्तियों को प्रत्येक प्रकार की सुविधायें आर्थिक पक्ष मजबूत होने के कारण उपलब्ध है जबकि निम्न आय वर्ग को कदम कदम पर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता

है तथा "समान अधिकार" की सरकार द्वारा की गयी घोषणायें केवल सब्जबाग दिखाई पड़ती है। सबसे बडी खाईं तो स्वतन्त्र भारत में 'सवर्ण' और 'हरिजनों' के बीच आज भी है। हरिजन जिन्हें आज भी भारतीय समाज "अछूत" कहकर बुलाता है 'अछूत' शब्द के साथ एक लम्बा इतिहास जुड़ा हुआ है। महात्मा गाँधी के अथक प्रयास से इनकी स्थिति में काफी सुधार आया है तथा लोग तथा सरकार अब इन्हें 'हरिजन' कहकर पुकारते हैं । सरकारी नौकरियों में इनके स्थान आरक्षित किये जाने से इनके स्तर में भी काफी सुधार आया है। भारत सरकार तथा विभिन्न प्रदेशों की सरकारों द्वारा इनके जीवन स्तर तथा शैक्षिक स्तर सुधारने हेतु प्रत्येक प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है तथा आज डाक्टर, इंजीनियर प्रशासक, वकील तथा शिक्षक सभी स्थानों पर इस वर्ग के लोग आसीन है परन्तु सरकार द्वारा इस वर्ग पर खर्च की जाने वाली धनराशि का समुचित तथा सही उपयोग हुआ है, हो रहा है, यह एक विचारणीय प्रश्न है । आज देश में पठन पाठन की समान सुविधायें संवर्ण और हरिजनों को समान रूप से प्राप्त है तथा एक ही कक्षा में एक ही अध्यापक द्वारा एक ही परिसर में दोनों वर्गो के छात्र अध्ययन कर रहे हैं, परन्तु फिर भी "हरिजन" वर्ग आज भी अपने को पिछड़ा हुआ समझ रहा है । हमारे देश को आजादी मिले लगभग 45 वर्ष गुजर चुके हैं परन्तु इस वर्ग के लोगों पर खर्च की जाने वाली भारी धनराशि का कोई उत्साहजनक परिणाम सामने नहीं आया है ।

किसी भी विद्यार्थी की स्कूल विषयों में सफलता उसके आन्तरिक गुणों पर निर्भर करती है। उसकी शैक्षिक उपलब्धि का सीधा सम्बन्ध बुद्धि तथा इससे सम्बन्धित कई तथ्यों से होता है । जिनमें कार्य के प्रति अभिवृत्ति , सीखने में रूचि स्मृति , अभिव्यक्ति, सीखने की आदत तथा पास पड़ोस का वातावरण मुख्य है । किसी भी अध्ययन में एक साथ इन सभी तथ्यों अथवा इससे कुछ अधिक तथ्यों का अध्ययन करना सम्भव नहीं है अतः प्रस्तुत शोध में अभिवृत्ति शैक्षिक उपलब्धि, स्मृति, बुद्धि तथा आकांक्षा स्तर को ही लिया गया है। स्कूल के कार्य में अनमनस्क रूप से भाग लेने के कारण छात्रों की उपलब्धि निराशाजनक रहती है इनके कारणों को भी ढूँढा गया है।

सरकारी तथा बहुत सी सामाजिक संस्थायें इस वर्ग को भर पूर आर्थिक सहयता दे रही है परन्तु इस वर्ग के लोगों द्वारा अभी तक जो प्रदर्शन किया गया है वह प्रशंसनीय नहीं कहा जा सकता । अतः शैक्षिक द्रृष्टि से यह समस्या अत्यन्त ज्वलन्त प्रतीत होने के कारण शोध हेतु निम्न समस्याओं का चयन किया गया।

" बुन्देल खण्ड सम्भाग में अनुसूचित जाति के किशोर वर्ग विद्यार्थियों की अभिवृत्ति का शैक्षिक निष्पत्ति, वुद्धि, स्मृति तथा आकांक्षा स्तर से सम्बन्ध "

समस्या को मूर्तरूप से अध्ययन करने के उद्देश्य से लड़के तथा लड़कियों दोनों की (नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र) समान समान संख्या को लिया गया । प्रस्तुत शोध समस्या से जो परिणाम प्राप्त होगें वे निश्चित रूप से सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की शिक्षा पर खर्च की जाने वाली धनराशि की उचित दिशा निश्चित करने में सफल होगें ।

शोध समस्या का परिभाषीकरण:-

अभिवृत्ति-

अभिवृत्ति मनुष्य के व्यवहार तथा व्यक्तिगत का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है। अभिवृतित मनुष्य की संवेदात्मक, प्रेरणात्मक तथा अभिव्यक्तितात्मक भावनाओं का ऐसा समूह है जो व्यक्ति को सम्पूर्णता प्रदान करता है बिना इन आन्तरिक शक्तियों के मनुष्य मात्र पशुवत व्यवहार करता रहेगा और समाज में व्यक्ति के व्यक्तित्व शून्य हो जायेगा । अभिवृत्ति की क्षमता को यद्यपि मनुष्य के अनुवांशिक गुण किसी न रूप अवश्य प्रभावित करते हैं परन्तु विशेष रूप से अभिवृत्ति क्षमता का विकास मनुष्य उस समूह के लोगों से सीखकर करता है जिनसे वह किसी न किसी रूप में भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। वास्तविकता में यह अभिवृत्ति मनुष्य के पूर्व अनुभव ही है जो दूसरों के समाने व्यक्त करता है तथा सामूहिक रूप से अभिव्यक्त होने पर उन्हें नवीन परिस्थितियों में प्रयोग में लाता है। अभिवृत्ति मनुष्य के व्यवहार को किसी भी वस्तु के प्रति उसके

दृष्टिकोण को निश्चितता और सुदृढ़ता प्रदान करने में सहायक होती है। इसके साथ ही यह मनुष्य की शैक्षिक एवं व्यावसायिक रूप से समायोजित तो करता ही है आपसी सम्बन्धों को सुदृढ़ करके लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता प्रदान करता है।

आलपोर्ट ने मनोविज्ञान तथा समाज शास्त्र में अभिवृत्ति के प्रारम्भिक इतिहास तथा के बारे में अपने विचार व्यक्त किये हैं । उन्होंने अभिवृत्ति (*Attitude*) शब्द की उत्पतित लैटिन शब्द *optus* से बतलायी जिसके सामान्य रूप से दो अर्थ है। प्रथम मनुष्य की मानसिक तैय्यारी की दशा *mental State of radiness* तथा दूसरा - मनुष्य की मानसिक क्षमता का इंजन *a Moter set*

थामस एवं जैनैनिको (1918) ने अपने अध्ययन में बताया कि अभिवृत्ति से तात्पर्य मनुष्य के केन्द्रीय मनोविज्ञान, से है। वर्तमान में अभिवृत्ति के उपरोक्त दोनों ही अर्थ प्रयोग में लाये जा रहे हैं । आलपोर्ट ने अभिवृत्ति को निम्न प्रकार परिभाषित किया है ।

" अभिवृत्ति मनुष्य की एक ऐसी दशा है जिसमें उसका मष्तिष्क तथा तंत्रिका तथा दोनों की पूर्ण तैय्यारी की अवस्था में होते हैं तथा जिसका प्रयोग वह अपने पूर्व अनुभवों के आधार पर किसी भी व्यक्ति अथवा वस्तु पर विभिन्न परिस्थितियों में करता है जो किसी न किसी रूप में उससे जुड़ी हुई है ।"

आलपोर्ट द्वारा लगभग 40 वर्ष लिखी गयी अभिवृत्ति की यह परिभाषा आज भी विल्कुल सटीक तथा तथ्यपरक है और ऐसा प्रतीत होता है जैसे किसी व्यक्ति ने अपने बालों को सुन्दरता प्रदान करने के उद्देश्य से अभी अभी कंघे से उसे सजीवता प्रदान की हो ।

बहुत से ऐसे परम्परागत लेखक भी है जिन्होंने अभिवृत्ति को परिभाषित करते समय प्रभाविकता, व्यवहारिकता तथा सामूहिक क्षमता तीनों तथ्यों पर बहुत ज्यादा जोर दिया है

प्रमुख रूप से अधिकतर कार्य अभिवृत्ति के सामूहिक तथा प्रभाविकता वाले क्षेत्रों में ही हुआ है। मनुष्य के व्यावहारिक अभिवृत्ति से सम्बन्धित शोध गिने चुने ही है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य मे क्रैच तथा क्रूचफील्ड ने अभिवृत्ति के सम्बन्ध में निम्न परिभाषा दी है:-

"अभिवृत्ति मनुष्य का एक ऐसा तंत्र है जो धनात्मक तथा ऋणात्मक दोनों प्रकार के विकास संवेदात्मक भावनाओ तथा किसी सामाजिक लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु किये गये वाह्य एव आन्तरिक प्रयासों से सीधा जुड़ा हुआ है ।"

कुछ अन्य, लेखकों जिनमें से कैम्प वैल ‡1950‡, आसगुड इटस 1957, सरनाफ 1960, रोजनवर्ग तथा हावलैण्ड ‡1960‡ ने भी अभिवृत्ति के सम्बन्ध में कुछ ऐसी ही मिलती जुलती परिभाषायें दी है ।

नवीन अभिधारणा के सम्बन्ध में शॉ तथा ब्राइट के विचार कुछ इस प्रकार हैं:-

"अभिवृत्ति मनुष्य के पूर्णत:विकसितएं व प्रभावपूर्ण प्रतिक्रियाओं का आन्तरिक रूप से विकसित सापेक्षिक तंत्र है जो किसी भी सामाजिक वस्तु अथवा उसके समूह की विशेषताओं को समझाने में समर्थ है ।"

इस नवीन अभिधारणा को प्राय: स्वीकार किया जा रहा है । क्योंकि इससे अभिवृत्ति की नवीन विधियों तथा अभिवृत्ति को मापने में काफी सहायता मिल रही है । नवीन धारणा में अभिवृत्ति की कुछ प्रमुख विशेषतायें दृष्टिगोचर हुई है:-

1- अभिवृत्ति प्रमुखरूप से विकासात्मक तथ्यों पर आधारित है तथा यह प्रेरणात्मक व्यवहार का जनक है ।

2- अभिवृत्ति गुणवत्ता तथा क्षमता के अनुसार परिवर्तित होता रहता है तथा इसकी दिशा धनात्मकता की ओर से उदासीनता तथा ऋणात्मकता की ओर जाती है ।

3- यह तथ्य किसी सामाजिक लक्ष्य, घटना अथवा परिस्थिति के कारण ही प्रकाश में आते हैं तथा सीखने में सहायता प्रदान करते हैं इनमें मनुष्य की विचार शक्ति तथा तर्कशक्ति के परिवर्तन के साथ परिवर्तन होना स्वाभाविक है ।

4- अभिवृत्ति का विशेष सामाजिक स्वरूप होने के कारण इसका प्रभाव विभिन्न सामाजिक परिस्थितियों में समान रूप से परिलक्षित होता है ।

5- अभिवृत्ति की क्षमता प्रत्येक व्यक्ति में अलग अलग होती है जो उनकी आपसी निकटता पर निर्भर करती है तथा इसका सीधा प्रभाव मनुष्य के केन्द्रीय तथा आस-पास के वातावरण पर पड़ता है ।

6- अभिवृत्ति सामान्यतः स्थायी होती है परन्तु केन्द्रीय अभिवृत्ति के तत्व बाहरी तत्वों से अधिक देर तक स्थायी रहते हैं ।

अनुसूचित जाति

अनुसूचित जाति का व्यक्ति कौन है ?

भारत के हिन्दू समाज में ऐसे व्यक्ति जो समाज के अन्तिम वर्ण से सम्बन्ध रखते हैं उन्हें "शूद्र" अथवा "अवर्ण" की श्रेणी में रक्खा गया है ऐसे व्यक्ति हजारों वर्षो से सामाजिक तथा आर्थिक दोनों ही दृष्टिकोणों से बहुत पिछड़े हुये है। ऐसे व्यक्तियों को जाति से बाहर का माना जाता है तथा उन्हें "अत्याज" की श्रेणी में रखते हैं । सामान्यतः उनको इस दृष्टि से बाहरी कहा जाता है कि उन्हें गॉव अथवा शहर की सीमा के बाहर रहने हेतु बाध्य है ।

उनके साथ कोई भी अन्य वर्ण सामाजिक समबन्ध नहीं रखता तथा इसीलिये उन्हें 'अछूत' की संज्ञा दी जाती है ।

कनार्टक में महाराजाओं के राज्य के समय ऐसी जातियों को होलिया, पेठिगा, वेदा, कोर्चा, कोरमा आदि नामों से पुकारा जाता था । वर्ष 1909 तक इन जातियों के लोगों को उनकी

जाति के आधार पर ही पुकारा जाता था परन्तु बाद में उन्हें एक नये नाम , "पंचमास" से पुकारा जाने लगा । बाद में इस वर्ग के लोगों को समाज का 'दलित वर्ग' कहा जाने लगा वर्ष 1932 में सरकार द्वारा अधिकारिक रूप से इन्हें 'अछूत' कहकर परिभाषित किया गया ।

डा0 भीमराव अम्बेदकर ने उपरोक्त शब्दों को जोरदार विरोध किया तथा उन्होंने इसके स्थान पर अनुसूचित जाति का हिन्दू *Protestant Hindu* शब्द प्रयोग करने का सुझाव दिया। अन्ततः साइमन कमीशन की सिफारिश के आधार पर 'अनुसूचित जाति' भारत सरकार द्वारा स्वीकृति कर दिया गया ।

1933 में गाँधी जी ने एक नये शब्द का प्रयोग इस जाति के लोगों हेतु प्रयोग करने हेतु सुझाव दिया तथा 'हरिजन' शब्द प्रचलन में आया । इस शब्द का , गुजराती , मराठी, हिन्दी तथा अन्य भाषाओं में अर्थ है, एक ऐसा बच्चा जिसके माता-पिता का कोई अता-पता न हो अर्थात ' दोगली सन्तान' । अतः 'हरिजन' शब्द को न केवल नापसन्द किया गया वरन् उसे अत्यंत घृणित कहते हुये अछूतों का जबरजस्त विरोध किया । डा0 भीमराव अम्बेदकर ने भी उपरोक्त कारणों से इसका घोर विरोध किया ।

उपरोक्त के परिणाम स्वरूप बम्बई विधान सभा में 'हरिजन' को प्रयोग में लाये जाने वाले बिल को लेकर न केवल जबरजस्त विरोध हुआ वरन् इसके खिलाफ प्रदर्शन भी हुआ । अन्ततः 'हरिजन' शब्द के स्थान पर वर्ष 1938 से 'अनुसूचित जाति' शब्द का प्रयोग किये जाने हेतु सरकार द्वारा विधिवत् घोषणा की गयी तबसे आज तक सरकारी तथा गैर सरकारी कार्यो में इसी शब्द का प्रयोग किया जा रहा है ।

'अनुसूचित जाति' से तात्पर्य उस जाति, वर्ग तथा उपजाति अथवा समूह से है जिनका निर्धारण भारत के राष्ट्रपति के द्वारा भारतीय संविधान की धारा 341 में इंगित किया गया है । भारत के राष्ट्रपति ने भारत के अन्य प्रदेशों की राज्य सरकारों को भी यह अधिकार प्रदान कर दिये कि

वह ऐसे लोगों की एक सूची तैयार कर सम्बन्धित राज्य के राज्यपाल से सलाह मशविरा करने के बाद निर्गत कर दें ।

उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने आदेश जिसका पत्रांक 1442-26-818-57 दिनांक 6 मई 1957 है के द्वारा अनुसूचित जाति के विभिन्न वर्गो की सूची निम्नानुसार प्रकाशित कर दी - अगरिचा, वादी, वेधिक, बहेलिया, वैगा, वेतवार, बजरिया, बेड़िया, भॉट , पहला, भूइयर, कोरिया, चमार, डोमर, ढुलाव, धरनी धरिण, शोल डिबूइयां, हरी, हेर, लालबत्ती, मझवार, मंझानी, मुसहर, नट, परहिया, धोबी, धुनिया, जाटव, बाल्मीकी, बंगाली, वनमानुष , कंजड़ , कपाड़िया , करोल, खटिक, रावत, सलेरिया, आदि ।

सामान्य वर्ग

ऐसे सभी व्यक्तियों को जो संविधान की धारा पैरा 1:22 के अन्तर्गत नहीं रखे गये है उन्हें अनुसूचित जाति से उच्च वर्ग का माना गया है तथं सामान्य वर्ग में रक्खा गया है ।

शिक्षा -

शिक्षा शब्द लैटिन के 'एजूकेटर' शब्द से उत्पन्न हुआ है जिसका अर्थ है 'शिक्षित करना ' शिक्षा का सीधे से अर्थ है बच्चों को शिक्षित करना अर्थात उद्देश्य पूर्ण एवं प्रभाव पूर्ण ढंग से बालक को समाज में सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराया जाना जिसमें व्यक्तिगत रूप से भी बालक को स्कूल अथवा कालेज में प्रभावपूर्ण ढ़ग से सामाजिक परिवेश में नियंत्रित करना शामिल है । शिक्षा, शिक्षण से अधिक वृहद तथा विस्तृत प्रक्रिया है। शिक्षण के अन्तर्गत शिक्षक के व्यक्तित्व का बालक का उतना प्रभाव नहीं पड़ता जितना कि शिक्षा विधि का लेकिन यदि 'शिक्षा' को सम्पूर्ण रूप से देखा जाये तो हम पायेगें कि इसमें मनुष्य का ज्ञान कौशल तथा तर्कशक्ति किसी भी व्यक्ति को न केवल मानसिक रूप से शब्दों का ज्ञान कराकर समाज में रहने के लिये तैयार

करती है वरन् बच्चे के व्यक्तित्व को पूर्णतः प्रभावित करती है अर्थात उसके आन्तरिक एवं बाह्य सभी प्रवृत्तियों को समुचित रूप से विकास की ओर अग्रसर करने में सहायक होती है ।

अतः शिक्षा एक ऐसे जान बूझी प्रक्रिया है जिसमें एक व्यक्ति का व्यक्तित्व इस उद्देश्य से दूसरे व्यकितत्व को प्रभावित करता है ताकि उसका सर्वांगीण विकास हो सके तथा उसके शरीर तथा मष्तिष्क का उपयोग समाज की भलाई के लिये किया जा सके ।

महात्मा गाँधी द्वारा शिक्षा की परिभाषा भारतीय आवश्यकताओं एवं उद्देश्यों के सन्दर्भ में वर्तमान समय में सर्वाधिक उपयुक्त प्रतीत होती है ।

"शिक्षा से मेरा अभिप्राय बालक और मनुष्य के शरीर , मन और आत्मा के उच्चतम विकास से है ।"

गाँधी जी के विचार से मनुष्य जीवन का अन्तिम उद्देश्य मुक्ति है। वे पहले शारीरिक, मानसिक , आर्थिक और राजनैतिक मुक्ति की बात करते थे और फिर आत्मिक मुक्ति की । यह कि कारण था कि वे शिक्षा द्वारा मुनष्य के शरीर, मन और आत्मा का उच्चतम विकास करना चाहते थे ।

शिक्षा के व्यापक अर्थ में हम सब एक दूसरे से कुछ न कुछ सीखते हैं इसीलिये हम सभी शिक्षार्थी और सभी शिक्षक है परन्तु उनके संकुचित अर्थ में कुछ विशेष व्यक्ति जो जान-बूझकर दूसरों को प्रभावित करते हैं और उनके आचार विचार में परिवर्तन करते हैं, शिक्षक कहे जाते हैं ।

किसी राष्ट्र की उन्नति विशेष रूप से शिक्षा पर ही निर्भर करती है । शिक्षा मनुष्य को सम्य, सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक की कोटि में पहुँचाने में सहायक होती है परन्तु यह समाज विशेष की मान्यताओं एवं आकांक्षाओं पर निर्भर करती है । शिक्षा प्रक्रिया को निम्न शब्दों में व्यक्त करना सर्वाधिक उचित है :-

" शिक्षा किसी समाज में सदैव चलने वाली वह सोद्‌देश्य सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा मनुष्य की जन्य जात शक्तियों का विकास उसके ज्ञान एवं कला कौशल में वृद्धि तथा व्यवहार में किया जाता है और इस प्रकार उसे सभ्य, सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनाया जाता है । इसके द्वारा व्यक्ति एवं समाज दोनों निरन्तर विकास करते हैं ।"

अतः शिक्षा समाज में निरन्तर चलने वाली सोद्‌देश्य सामाजिक प्रक्रिया है जो सीखने और सिखाने वाले के बीच चलती रहती है ।

शैक्षिक उपलब्धता

विद्यालय का कार्य सफलता पूर्वक करने की योग्यता ही शैक्षिक उपलब्धता है विद्यालय में विषयों का ज्ञान प्राप्त करना एक लिखित प्रमाण है जो विद्यार्थी विषयक कार्य के बारे में सूचित करता है । प्राप्त ज्ञान एवं विकसित कौशल दैनिक, मासीय एवं वार्षिक परीक्षाओं में प्राप्त अंकों से ज्ञात हो जाता है कि विद्यार्थी किसी विशिष्ट विषय या विशिष्ट अध्याय का अध्ययन कैसे करेगें इसके लिए एक अध्यापक नई विधि प्रयोग करने का प्रयत्न करता है। शिक्षा का मौलिक प्रयोजन व्यवहार के परिवर्तन से सम्बन्धित है ।

कोई व्यक्ति सत्यता से कितना शिक्षित है यह न तो इसके अधीन है कि वह क्या जानता है न ही इसके कि उसने कितनी मात्रा में जानकारी उपार्जित की है लेकिन यह इस पर निर्भर करता है कि वह क्या करने योग्य है । योग्यता की माप करना बहुत कठिनाई से सम्भव है क्योंकि प्रथमतः ऐसी मापें असाध्य होती है क्योंकि इच्छित व्यवहार देर से दृष्टिगोचर होता है दूसरे प्राकृतिक व्यवहार श्रंखला निरीक्षक के लिए अप्राप्त होती है अथवा निरीक्षण द्वारा शीघ्रता से ध्यान पूर्वक इसका निरीक्षण नहीं हो पाता है ।

तीसरे निर्दिष्ट किये हुए व्यवहार या आचरण के लिए सामान्य अवसरों की विरलता होना ।

चौथे विभिन्न व्यक्तियों द्वारा प्राप्त व्यवहारों या आचरणों के नमूनों में तुलनात्मकता की कमी होना ।

पॉचवे यह प्रायः समय एवं व्यवसाय की दृष्टि से बहुत कीमती होता है और इस प्रकार यह प्रयोग में नहीं लाया जा सकता अर्थात यह असाध्य है यद्यपि अभी यह दूसरे प्राकर से सम्भव है और अन्ततोगत्वा बहुत से सैद्धान्तिक व्यवहार श्रंखलाओं की सापेक्षिक जटिलता और विश्लेषित करने की कठिनाइयां अथवा प्रेक्षण और अनुमापन में प्रथम करने की कठिनाइयां, ये सभी जटिलताएं अनुमापन के प्रासंगिक है ।

उपरोक्त कारणों से ज्ञान का सीधा अनुमापन करना असम्भव एवं असाध्य है इसलिए अध्यापक द्वारा विद्यार्थी की वस्तुस्थिति का मूल्यांकन विषय परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर करना ही एक बेहतर तरीका है ।

यौवन प्राप्तिः- शैशवावस्था एवं यौवनावस्था के बीच की अवधि के दौरान विकास एवं उसके ठीक रखने की प्रक्रिया को माध्यमिक या परिवर्तन की अवधि कहते हैं । मानव शास्त्र की रीति के अनुसार यौवन प्राप्ति की प्रक्रिया शिशु का वयस्क में रूपान्तरण है यौवन प्राप्त करने की अवस्था, उत्पन्न करने वाली क्रियाएं , जनन क्रियाओं का प्रारम्भ (भोर) कुछ में तीव्र गति से हाता है, कुछ में मन्दगति से होता है यह सभी इसी अवधि में परिलक्षित होते हैं । लौकिक रूप से लड़कों के लिए 13-17 वर्ष के बीच की उम्र तथा लड़कियों में 12-16 वर्ष के बीच की उम्र की अवधि में लिंग के आधार पर, जीवन क्रम के आधार पर, जलवायु, व्यक्तिगत रचना के आधार पर अन्तर उत्पन्न हो जाते हैं ।

पॉच से आठ वर्षो के उपरान्त यौवन प्राप्ति की अवधि समाप्त हो जाती है इस सामान्य विचार पर विभिन्न प्रकार से विभिन्न लेखकों द्वारा विचार किया गया जिसमें कुछ के विचार जीव विज्ञान से सम्बन्धित थे तथा कुछ के विचार संस्कृति से सम्बन्धित थे यौवल विकास के बृहद

क्षेत्र को निम्न प्रकार निर्दिष्ट किया जा सकता है- (1) शारीरिक वृद्धि (2) मानसिक वृद्धि सम्बन्धी परिवर्तन (3) (हम उम्र) बराबर के सम्बन्धों में परिवर्तन (4) कौतुक या उत्तेजना का परिवर्तन (5) मूल्यों या माहात्म्य में परिवर्तन (6) माता-पिता से सम्बन्धों में परिवर्तन (7) व्यवसायिकता का विकास ।

बुद्धि :-

बुद्धि की परिभाषाओं पर विचार करने से ज्ञात होता है कि इन परिभाषाओं में समानता नहीं है फिर भी इन परिभाषाओं से हमें यथार्थ परिभाषा प्राप्त होती है यह एक आदर्श विषय या घटना है इसके लक्षण एवं प्रकृति को समझना तो आसान है लेकिन इसको परिभाषित करना अत्यन्त कठिन है। यह व्यवहार अर्थात आचरण ही है जिसके द्वारा हम बुद्धि को माप सकते हैं 'बिनेट' जो कि बुद्धि परीक्षण के पिता थे उन्होंने प्रकाशित बुद्धि की परिभाषाओं में इसको कभी भी निर्दिष्ट नहीं किया इन्होंने स्मरण शक्ति एवं मन की कल्पना, निर्णय, सामान्य बुद्धि या स्वयं का ध्यान आदि पर बल दिया । बाद में 'बिनेट' सोचने अथवा समस्या हल करने सम्बन्धी क्रियाओं की तरफ लौटे जिसमें उन्होंने तीन पदों को प्रमाणित किया जो निम्न है - निर्देश या लक्ष्य, अनुकूलन और अपने गुण-दोषों की विवेचना । तत्पश्चात उन्होंने ज्ञान अर्थात समझ नामक चौथा पद जोड़ा ।

बुद्धि का मापन निम्न द्वारा किया जा सकता है - (1) कठिनता अथवा लक्ष्य पूरा कर सकना (2) कार्य प्रारम्भ कर सकना या प्रयत्न करना (3) कार्य करने की गति । कठिन कर्तव्य को पूरा करना ही बुद्धिमत्ता का परिचायक है ।

स्मरण शक्ति -

पूर्व अर्जित ज्ञान अर्थात पहले हमने क्या पढ़ा है इसको याद रखना ही स्मरण शक्ति है जो चार भिन्न रूपों के मिलने से बनती है जो निम्न है - (1) याद करना अथवा सीखना (2) धारण शक्ति (3) चिन्तन करना (पुनरावलोकन) (4) मान्यता ।

सीखे गये अनुभव हमारे मस्तिष्क में किसी न किसी रूप में धारण कर लिए जाते हैं यह धारण शक्ति मस्तिष्क स्वास्थ्य, रूचि, विचार या चिन्तन और तर्क शक्ति पर निर्भर करती है ।

एम.सी. दुगाल के अनुसार स्मरण शक्ति या याददास्त पूर्वकाल से सम्बन्धित होती है जो अनेक मानसिक क्रियाओं के पराधिकाराधीन है यह अन्य क्रिया कलापों की अपेक्षा अधिक स्पष्ट एवं मुख्य होती है ।

व्यक्ति जो पूर्व एवं वर्तमान अनुभवों के सम्बन्ध के बारे में सोचता है ' रॉस' के अनुसार स्मृति एक नया अनुभव है जिसका निर्धारण पूर्व अनुभवों की तैय्यारी से होता है पूर्व अनुभवों एवं उनकी तैयारी के बीच पाये जाने वाले सम्बन्धों पर स्पष्ट रूप से विचार किया जाता है ।

पुरानी अवधारणा के अनुसार स्मृति एक प्रकार की आन्तरिक शक्ति है जो याद रखने में सहायता करती है लेकिन यह अवधारणा बहुत समय पहले ही अमान्य घोषित कर दी गयी थी । स्मृति मुख्यतया इस पर आधारित है कि हमने क्या सीखा और कैसे सीखा यथा पदार्थ या वस्तु के पूर्व ज्ञान (प्रभुत्व) पर, पदार्थ की प्रकृति पर कि अर्थपूर्ण अथवा अर्थहीन, सीखने एवं स्मरण करते समय भावमय सम्बन्धता पर , व्यक्ति की रूचि एवं बुद्धि पर इत्यादि। इन खण्डों की अनुपस्थिति ही स्मृति को विस्मृति में बदलने के लिए उत्तरदायी हैं कप्पास्वामी के अनुसार विस्मृति के निम्नलिखित खण्ड (कारण) हैं -

(1) समय का चुपके से चला जाना

(2) नवीन क्रम

(3) कार्य निमित्त रूकावट

(4) बीती घटना पर कार्य करने में रूकावट

(5) अप्रिय पढ़ना या सीखना

परन्तु स्मृति या धारणा शक्ति को निम्नलिखित द्वारा विकसित किया जा सकता है-

(1) फिर से ताजा करना या पुनर्जीवित करना

(2) अत्यधिक सीखना या जानना

(3) अर्थ पूर्ण पदार्थ को पढ़ना, जानना

(4) पढ़ने या सीखने की सर्वोत्तम विधि का प्रयोग करना ।

स्मरण करने से पहले समय के चुपके से चले जाने एवं भूलने की मात्रा के बीच सम्बन्ध होता है याद करने या सीखने के तुरन्त बाद भूलने की गति अत्यधिक होती है स्मरण अर्थात दुबारा परीक्षण कई अन्तरालों पर आवश्यक है और भूलने की गति को मन्द करने के लिए निरन्तर पढ़े या सीखे गये पदार्थ को नये सन्दर्भ में प्रयोग करते रहना चाहिए।

अभिलाषा या लालसा स्तर :-

भविष्य में अपने कर्तव्यों अर्थात कार्यो का भली भाँति संचालन करना जिसके द्वारा हम विषय से भली-भाँति सुपरिचित होंगे अभिलाषा स्तर कहते हैं । विषय अपने बीते हुए कल के अनुभवों से भली-भाँति परिचित है और इन्हीं पूर्वकाल के अनुभवों के आधार पर वह कार्य को मात्रात्मक रूप में पूरा करने की आशा करता है शुरूआत में उसकी आकांक्षा बहुत उच्चकोटि की होगी, लेकिन जैसे-जैसे अपने कार्य से परिचित होता जात है उसकी कार्य करने की य: कार्य को पूरा करने की आकांक्षा कम होती जाती है ।

अभिलाषा निर्धारित की हुई प्रचण्ड इच्छा या मनोरथ को पूरा करना है पूर्वकाल के अनुभवों की क्षमता या ज्ञान के आधार पर भविष्य में कार्य सम्पादन की योग्यता तथा व्यक्ति को अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए प्रयत्न करना अभिलाषा के स्तर से सम्बद्ध है ।

इस विधि में अभिलाषा का स्तर न्यायपूर्वक अपने लक्ष्य के सन्निकट पहुँचने से अर्थात् किसी पूर्ण रूपेण अज्ञात वस्तु को जानना, सम्भावित सफलता के निकट होने आदि से सम्बन्धित

है व्यक्ति में निर्धारित उच्च कोटि के लक्ष्य को पूरा करने की आकांक्षा में ही उसकी सफलता का अवसर होता है । निम्न कोटि का लक्ष्य निर्धारण करने से सफलता प्राप्त नहीं हो पाती है नयी अज्ञात वस्तु, प्राप्त न हो सकने वाली वस्तु को प्राप्त कर लेने से हमें संतोष प्राप्त होता है ।

हम फैली हुई कठिनाइयों को सीमित कर दें जो किसी समय सफलता या असफलता की अनुभूति करा सकती है, यह एक सीमा है जिसमें कोई आत्मा से सम्बद्ध हो सकता है ।

आत्मा से सम्बद्धता का अर्थ है सफलता जो कि व्यक्ति को अपने कर्तव्य या कार्य में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है कर्तव्य में या कार्य में आत्मा का सम्बद्धता गर्वानुभूति कराती है सफल होने के लिए आत्मसम्मान कम होना चाहिए ।

अध्ययन या ज्ञानार्जन का प्रयोजन:-

(1) शिक्षा प्राप्ति अथवा शैक्षिक उपलब्धता एवं उसकी स्थिति के बीच सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना ।

(2) बुद्धि एवं उसकी अवस्था के सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना ।

(3) स्मृति एवं उसकी अवस्था के बीच सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना ।

(4) अभिलाषा का स्तर एवं अवस्था या स्थिति के मध्य सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना ।

(5) शैक्षिक उपलब्धता एवं बुद्धि के बीच सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना ।

(6) शैक्षिक उपलब्धता एवं स्मृति के मध्य सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना ।

(7) शैक्षिक उपलब्धता एवं अभिलाषा के स्तर के मध्य सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना।

(8) बुद्धि एवं स्मृति के बीच सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना ।

(9) बुद्धि एवं अभिलाषा स्तर के बीच सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना ।

(10) स्मृति एवं अभिलाषा स्तर के मध्य सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना ।

(11) शैक्षिक उपलब्धता एवं स्थिति के मध्य सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना ।

(12) बुद्धि एवं स्थिति के बीच सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना, जब किसी समय शैक्षिक उपलब्धता, स्मृति और अभिलाषा के स्तर के प्रभाव को स्थिर कर दिया गया हो ।

(13) स्मृति एवं स्थिति के मध्य सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन जब किसी समय पर शैक्षिक उपलब्धता, बुद्धि एवं अभिलाषा स्तर आदि के प्रभाव को स्थिर कर दिया गया हो ।

(14) अभिलाषा स्तर एवं स्थिति के बीच सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन जब किसी समय शैक्षिक उपलब्धता, बुद्धि और स्मृति के प्रभाव को स्थिर कर दिया गया हो ।

(15) शैक्षिक उपलब्धता एवं बुद्धि के मध्य सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना, जब स्थिति, स्मृति और अभिलाषा स्तर के प्रभाव को आंशिक रूप से पृथक कर दिया गया हो ।

(16) शैक्षिक उपलब्धता एवं स्मृति के मध्य सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना, जब स्थिति , बुद्धि एवं अभिलाषा स्तर के प्रभाव को आंशिक रूप से पृथक कर दिये गये हों।

(17) अभिलाषा स्तर एवं शैक्षिक उपलब्धता के मध्य सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना, जब स्थिति, बुद्धि एवं स्मृति के प्रभाव को आंशिक रूप से पृथक कर दिया गया हो ।

(18) बुद्धि एवं स्मृति के मध्य सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना जब किसी समय स्थिति, शैक्षिक उपलब्धता एवं अभिलाषा स्तर के प्रभाव को स्थिर कर दिया गया हो ।

§19§ बुद्धि एवं अभिलाषा स्तर के मध्य सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन जब किसी समय स्थिति , शैक्षिक उपलब्धता एवं स्मृति के प्रभाव को स्थिर कर दिया गया हो ।

§20§ स्मृति एवं अभिलाषा स्तर के बीच सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन करना जब एक समय पर स्थिति, शैक्षिक उपलब्धता एवं बुद्धि के प्रभाव को स्थिर कर दिया गया हो ।

§21§ ग्रामीण क्षेत्र के सुवर्ण लड़कों एवं हरिजन लड़कों की स्थिति के बीच असमानता का पता लगाना ।

§22§ ग्रामीण क्षेत्र की सुवर्ण लड़कियों एव हरिजन लड़कियों की स्थिति के मध्य असमानता का पता लगाना ।

§23§ शहरी क्षेत्र के सुवर्ण लड़कों एवं हरिजन लड़कों को स्थिति के मध्य असमानता का पता लगाना ।

§24§ शहरी क्षेत्र के सुवर्ण लड़कियों एवं हरिजन लड़कियों की स्थिति के मध्य असमानता का पता लगाना ।

§25§ हरिजन युवावर्ग एवं सुवर्ण के मध्य स्थिति के आधार पर असमानता का पता लगाना

§26§ ग्रामीण क्षेत्र के सुवर्ण लड़कों एवं हरिजन लड़कों की शैक्षिक उपलब्धता के मध्य समानता का पता लगाना ।

§27§ ग्रामीण क्षेत्र की सुवर्ण लड़कियों की शैक्षिक उपलब्धता एवं हरिजन लड़कियों की शैक्षिक उपलब्धता के मध्य असमानता का पता लगाना ।

§28§ शहरी क्षेत्र के सुवर्ण लड़कों एवं हरिजन लड़कों की शैक्षिक उपलब्धता के मध्य असमानता का पता लगाना ।

§29§ शहरी क्षेत्र की सुवर्ण लड़कियों एवं हरिजन लड़कियों की शैक्षिक उपलब्धता के मध्य असमानता का पता लगाना

(30) हरिजन युवावर्ग एवं सवर्ण युवावर्ग की शैक्षिक उपलब्धता के मध्य असमानता का पता लगाना ।

(31) ग्रामीण क्षेत्र के हरिजन लड़कों एवं सवर्ण लड़कों की बुद्धि में असमानता का पता लगाना ।

(32) ग्रामीण क्षेत्र की हरिजन लड़कियों एवं सवर्ण लड़कियों की बुद्धि में असमानता का पता लगाना ।

(33) शहरी क्षेत्र के हरिजन लड़कों एवं सवर्ण लड़कों के बीच बुद्धि के आधार पर असमानता का पता लगाना।

(34) शहरी क्षेत्र की हरिजन एवं सवर्ण लड़कियों के बीच बुद्धि के आधार पर असमानता का पता लगाना ।

(35) हरिजन युवावर्ग एवं सुवर्ण युवावर्ग के मध्य बुद्धि के आधार पर असमानता का पता लगाना ।

(36) ग्रामीण क्षेत्र के हरिजन एवं सवर्ण लड़कों की स्मृति में असमानता का पता लगाना ।

(37) ग्रामीण क्षेत्र की हरिजन एवं स्वर्ण लड़कियों के मध्य स्मृति के आधार पर असमानता का पता लगाना ।

(38) शहरी क्षेत्र के हरिजन एवं सवर्ण लड़कों के बीच स्मृति के आधार पर असमानता का पता लगाना ।

(39) शहरी क्षेत्र की हरिजन एवं सवर्ण लड़कियों के बीच स्मृति में असमानता का पता लगाना ।

(40) स्मृति के आधार पर हरिजन युवावर्ग एवं सुवर्ण युवावर्ग के बीच असमानता का पता लगाना ।

(41) ग्रामीण क्षेत्र के हरिजन एवं सुवर्ण लड़कों के मध्य लालसा स्तर की असमानता का पता लगाना ।

(42) ग्रामीण क्षेत्र की हरिजन लड़कियों एवं सवर्ण लड़कियों के बीच अभिलाषा स्तर की सहायता का पता लगाना ।

(43) शहरी क्षेत्र की हरिजन एवं सवर्ण लड़कों में पायी जाने वाले अभिलाषा की असमानता का पता लगाना ।

(44) शहरी क्षेत्र की हरिजन एवं सवर्ण लड़कियों के बीच अभिलाषा के स्तर में असमानता का पता लगाना ।

(45) हरिजन एवं सुवर्ण युवावर्ग के बीच अभिलाषा के स्तर के आधार पर असमानता का पता लगाना ।

(46) स्थिति एवं शैक्षिक उपलब्धता के सम्बन्धों में यदि कोई असमानता लिंगीय कारणों से उत्पन्न हुई हो तो उसका निर्धारण करना ।

(47) लिंगीय कारणों से यदि कोई असमानता स्थिति एवं बुद्धि के सम्बन्धों के मध्य उत्पन्न हुई हो तो उसका निर्धारण करना ।

(48) स्थिति एवं स्मृति के सम्बन्धों में यदि कोई असमानता लैंगिक कारणों से उत्पन्न हुई हो तो उसका निर्धारण करना ।

(49) लैंगिक कारणों से यदि कोई असमानता स्थिति एवं अभिलाषा के स्तर के सम्बन्धों के मध्य उत्पन्न हुई हो तो उसका निर्धारण करना ।

(50) शैक्षिक उपलब्धता एवं बुद्धि के बीच यदि कोई असमानता लिंगीय कारण से उत्पन्न हुई हो तो उसका निर्धारण करना ।

(51) शैक्षिक उपलब्धता एवं स्मृति के सम्बन्धों के मध्य यदि कोई असमानता लिंगीय कारण से उत्पन्न हुई हो तो उसका निर्धारण करना ।

(52) शैक्षिक उपलब्धता एवं अभिलाषा के स्तर के सम्बन्धों के मध्य यदि कोई असमानता लिंगीय कारण से उत्पन्न हुई हो तो उसका निर्धारण करना ।

(53) शैक्षिक उपलब्धता एवं अभिलाषा स्तर के सम्बन्धों के मध्य यदि कोई असमानता लिंग के कारण उत्पन्न हुई हो तो उसका निर्धारण करना ।

(53) बुद्धि एवं स्मृति के सम्बन्धों के मध्य यदि कोई असमानता लिंगीय कारणों से उत्पन्न हुई हो तो उसका निर्धारण करना ।

(54) बुद्धि एवं अभिलाषा स्तर के सम्बन्धों के मध्य यदि कोई असमानता लिंगीय कारणों से उत्पन्न हुई हो तो उसका निर्धारण करना ।

(55) स्मृति एवं अभिलाषा स्तर के सम्बन्धों के मध्य यदि कोई असमानता लिंगीय कारण से उत्पन्न हो रही हो तो उसका निर्धारण करना ।

कल्पना :-

मोनरों के अनुसार 'एक कल्पना है एक अनुमान, एक सिद्धान्त अथवा एक प्रकार की व्याख्या या भाष्य जो प्रयोग रीति से आगे के अन्वेषण के लिए रोक ली गई हो क्योंकि ज्ञान के संगठन एवं अन्वेषण की दिशा में इसका मूल्य होता है । अन्वेषण के नीचे की समस्याओं के बारे में प्रयोग सम्बन्धी अनुमान एक कल्पना है।' माउली के विचार के अनुसार, 'यह एक स्वीकृत बात अथवा प्रतिशा है जिसकी प्रयोगात्मकता का परीक्षण इसके झंझटों के साथ प्रयोगसिद्ध प्रमाणों और पूर्वज्ञान के आधार पर किया जाता है।' कल्पना परिणाम के लिए ढाँचे का कार्य करती है वह प्रासंगिक निर्दिष्ट सिद्धान्तों को संग्रह करने और सम्भावित साधन के प्रकाश में इस निर्दिष्ट सिद्धान्त की व्याख्या करना सम्भव करती है ।

निष्फल आकृति या सादृष्य में निम्नलिखित विशिष्ट कल्पनाएं जिनका इस अध्ययन में परीक्षण किया जा चुका है :-

अ- **मुख्य कल्पना-**

1- स्थिति एवं शैक्षिक उपलब्धता के मध्य सम्बन्ध नहीं होता है ।

2- स्थिति एवं बुद्धि के मध्य सम्बन्ध नहीं होता है ।

3- स्थिति एवं स्मृति के मध्य सम्बन्ध नहीं होता है ।

4- स्थिति एवं अभिलाषा के स्तर के मध्य सम्बन्ध नहीं होता है ।

5- शैक्षिक उपलब्धता एवं बुद्धि के मध्य सम्बन्ध नहीं होता है ।

6- शैक्षिक उपलब्धता एवं स्मृति के मध्य सम्बन्ध नहीं होता है ।

7- शैक्षिक उपलब्धता एवं अभिलाषा के स्तर के मध्य सम्बन्ध नहीं होता है ।

8- स्मृति एवं बुद्धि के मध्य कोई सम्बन्ध नहीं होता है ।

9- अभिलाषा का स्तर एवं बुद्धि के बीच कोई सम्बन्ध नहीं होता है ।

10- बुद्धि एवं अभिलाषा के स्तर के बीच सम्बन्ध नहीं होता है ।

11- स्थिति एवं शैक्षिक उपलब्धता के मध्य सम्बन्ध नहीं होता है जब किसी समय पर बुद्धि, स्मृति और अभिलाषा स्तर के प्रभाव को स्थिर कर दिया गया हो ।

12- स्थिति एवं बुद्धि के मध्य कोई सम्बन्ध नहीं होता है जब किसी समय पर शैक्षिक उपलब्धता, स्मृति एवं अभिलाषा स्तर के प्रभाव को स्थिर कर दिया गया हो ।

13- स्थिति एवं स्मृति के मध्य सम्बन्ध नहीं होता है जब किसी समय पर शैक्षिक उपलब्धता, बुद्धि एवं अभिलाषा के स्तर के प्रभाव को स्थिर कर दिया गया हो ।

14- स्थिति एवं अभिलाषा स्तर के बीच सम्बन्ध नहीं होता है जब किसी समय शैक्षिक उपलब्धता बुद्धि एवं स्मृति के प्रभाव को स्थिर कर दिया गया है ।

15- शैक्षिक उपलब्धता एवं बुद्धि के बीच सम्बन्ध नहीं होता है जब स्थिति, बुद्धि एवं अभिलाषा के प्रभाव को आंशिक रूप से पृथक कर दिया गया है ।

16- शैक्षिक उपलब्धता एवं स्मृति के मध्य सम्बन्ध नहीं होता है जब स्थिति बुद्धि एवं अभिलाषा स्तर के प्रभाव को आंशिक रूप से पृथक कर दिया गया हो ।

17- शैक्षिक उपलब्धता एवं अभिलाषा स्तर के मध्य सम्बन्ध नहीं होता है जब स्थिति बुद्धि और स्मृति के प्रभाव को आंशिक रूप से पृथक कर दिया है ।

18- बुद्धि एवं स्मृति के मध्य कोई सम्बन्ध नहीं होता है जब किसी एक समय पर स्थिति शैक्षिक उपलब्धता और अभिलाषा स्तर के प्रभाव को स्थिर कर दिया गया हो ।

19- बुद्धि एवं अभिलाषा स्तर के मध्य कोई सम्बन्ध नहीं होता है जब एक समय पर स्थिति, शैक्षिक उपलब्धता और स्मृति के प्रभाव को स्थिर कर दिया गया हो।

20- स्मृति एवं अभिलाषा स्तर के मध्य सम्बन्ध नहीं होता जब किसी एक समय पर स्थिति शैक्षिक उपलब्धता एवं बुद्धि के प्रभाव को स्थिर कर दिया गया हो ।

ब- सहायक कल्पना:-

21- ग्रामीण क्षेत्र के हरिजन एवं सुवर्ण लड़कों की स्थिति के मध्य भेद नहीं होता है ।

22- ग्रामीण क्षेत्र की हरिजन एवं सुवर्ण लड़कियों की स्थिति के मध्य भेद नहीं होता है ।

23- शहरी क्षेत्र के हरिजन एवं सुवर्ण लड़कों की स्थिति के मध्य असमानता नहीं होती है ।

24- शहरी क्षेत्र की हरिजन एवं सुवर्ण लड़कियों की स्थिति के मध्य असमानता नहीं होती है ।

25- हरिजन एवं सुवर्ण जाति के युवावर्ग की स्थिति के मध्य असमानता नहीं होती है ।

26- ग्रामीण क्षेत्र के हरिजन एवं सुवर्ण लड़कों की शैक्षिक उपलब्धता के मध्य असमानता नहीं होती है ।

27- ग्रामीण क्षेत्र की हरिजन एवं सुवर्ण लड़कियों की शैक्षिक उपलब्धता के मध्य असमानता नहीं होती है ।

28- शहरी क्षेत्र के हरिजन एवं मवर्ण लड़कों की शैक्षिक उपलब्धता के मध्य असमानता नहीं होती है ।

29- शहरी क्षेत्र की हरिजन एवं सवर्ण लड़कियों की शैक्षिक उपलब्धता के मध्य असमानता नहीं होती है ।

30- हरिजन एवं स्वर्ण जाति के युवावर्ग में शैक्षिक उपलब्धता के आधार पर असमानता नहीं होती है ।

31- ग्रामीण क्षेत्र के हरिजन एवं सवर्ण जाति के लड़कों की बुद्धि में असमानता नहीं होती है ।

32- ग्रामीण क्षेत्र की हरिजन एवं स़वर्ण लड़कियों की बुद्धि में असमानता नहीं होती है ।

33- शहरी क्षेत्र के हरिजन एवं स़वर्ण लड़कों की बुद्धि के मध्य असमानता नहीं होती है।

34- शहरी क्षेत्र की हरिजन एवं स़वर्ण लड़कियों की बुद्धि के मध्य असमानता नहीं होती है।

35- हरिजन एवं सवर्ण जाति के युवावर्ग की बुद्धि के मध्य असमानता नहीं होती है ।

36- ग्रामीण क्षेत्र के हरिजन एवं सवर्ण जाति के लड़कों की स्मृति के मध्य असमानता नहीं होती है ।

37- ग्रामीण क्षेत्र की हरिजन एवं सवर्ण लड़कियों की स्मृति के मध्य असमानता नहीं होती है ।

38- शहरी क्षेत्र के हरिजन एवं सवर्ण लड़कों की स्मृति के मध्य असमानता नहीं होती है ।

39- शहरी क्षेत्र की हरिजन एवं सवर्ण लड़कियों की स्मृति के मध्य असमानता नहीं होती है।

40- हरिजन एवं सुवर्ण जाति के युवावर्ग के मध्य स्मृति के आधार पर अन्तर नही होता है।

41- ग्रामीण क्षेत्र के हरिजन एवं सवर्ण लड़कों की अभिलाषा स्तर के मध्य असमानता नहीं होती है ।

42- ग्रामीण क्षेत्र की हरिजन एवं सवर्ण जाति की लड़कियों की अभिलाषा स्तर के मध्य

असमानता नहीं होती है ।

43- शहरी क्षेत्र के हरिजन एवं सुवर्ण लड़कों की अभिलाषा स्तर के मध्य असमानता नहीं होती है ।

44- शहरी क्षेत्र की हरिजन एवं सुवर्ण जाति की लड़कियों की अभिलाषा स्तर के मध्य असमानता नहीं होती है ।

45- हरिजन एवं सुवर्ण जाति के युवावर्ग के मध्य अभिलाषा स्तर के आधार पर कोई असमानता नहीं होती है ।

46- स्थिति एवं शैक्षिक उपलब्धता के सम्बन्धों के मध्य लिंगीय कारण से कोई असमानता उत्पन्न नहीं होती है ।

47- स्थिति एवं बुद्धि के सम्बन्धों के मध्य लिंगीय आधार पर कोई असमानता उत्पन्न नहीं होती है ।

48- स्थिति एवं स्मृति के सम्बन्धों के मध्य कोई असमानता लिंगीय कारण से उत्पन्न नहीं होती है ।

49- स्थिति एवं अभिलाषा स्तर के सम्बन्धों के मध्य लिंगीय कारण से कोई असमानता उत्पन्न नहीं होती है ।

50- शैक्षिक उपलब्धता एवं बुद्धि के सम्बन्धों के मध्य कोई असमानता लिंगीय कारणों से उत्पन्न नहीं होती है ।

52- शैक्षिक उपलब्धता एवं स्मृति के सम्बन्धों के मध्य कोई असमानता लिंगीय कारणो से उत्पन्न नहीं होती है ।

53- बुद्धि एवं स्मृति के सम्बन्धों के मध्य लैंगिक कारण से कोई असमानता उत्पन्न नहीं होती है ।

54- बुद्धि एवं अभिलाषा स्तर के सम्बन्धों के मध्य लैंगिक कारण से कोई असमानता उत्पन्न नहीं होती है ।

55- स्मृति एवं अभिलाषा स्तर के सम्बन्धों के मध्य कोई असमानता लैंगिक कारणों से उत्पन्न नहीं होती है ।

पी एच0डी0 (डाक्टरी) उपाधि के लिए उपस्थित किए गये स्वतन्त्र निबन्ध की कल्पना :-

प्रस्तुत निबन्ध को सात अध्यायों में विभक्त किया गया है-

प्रथम अध्याय प्रस्तावना में, समस्या की आवश्यकता एवं महत्व, सम्बन्द्ध शब्दों की परिभाषा, अध्ययन का प्रयोजन, कल्पनाओं की रचना आदि को रखा गया है ।

द्वितीय अध्याय में सम्बन्धित साहित्य का पुनरीक्षण जो कि भारत तथा अन्य देशों में किये गये अध्ययन पर आधारित है जिसका अनुसरण प्रस्तुत अध्ययन के निष्कर्षो के आधार पर किया गया है ।

तृतीय अध्याय में अन्वेषण की विधियों का अध्ययन, अन्वेषण की विधि जैसे- ऐतिहासिक, प्रयोगात्मक और संक्षिप्त वर्णनात्मक आदि इसके अतिरिक्त स्थिति स्तर का निर्माण, स्मृति परीक्षण का निर्माण, बुद्धि परीक्षण का वर्णन एवं अभिलाषा स्तर परीक्षण भी सन्निहित किये गये हैं ।

चतुर्थ अध्याय निर्दिष्ट सिद्धान्तों को एकत्रित करने से सम्बन्धित है जिनमें बुन्देलखण्ड संभाग-के नगरीय/ग्रामीण क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं उच्च स्तर माध्यमिक विद्यालयों में पाये जाने वाले हरिजन एवं सवर्ण विद्यार्थियों की संख्या दी गयी है। विभिन्न परीक्षाओं के प्रशासन के बारे में भी विचार व्यक्त किये गये हैं ।

पंचम अध्याय अध्याय चार के अन्तर्गत एकत्रित निर्दिष्ट सिद्धान्तों और परस्पर सम्बन्धों के गुणक, भिन्न पारस्परिक सम्बन्धों, मत भेदों आदि के परिणामों का परिगणन सम्बन्धी विश्लेषण की व्याख्या की गई है इसके साथ ही परिणामों की व्याख्या पर भी विचार किया गया है ।

षष्टम अध्याय में कल्पनाओं का प्रमाणीकरण, उद्देश्य प्राप्ति सन्निहित है तथा अध्ययन पर आधारित अन्य निष्कर्षो को भी दिया गया है ।

अन्तिम अध्याय में प्रस्तुत स्वतन्त्र निबन्ध का सारांश, आगे के अध्ययन के लिए क्षेत्र, पुस्तक विद्या या ग्रन्थ सूची और परिशिष्ट आदि दिया गया है ।

द्वितीय अध्याय

द्वितीय अध्याय
****

सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण:-

व्यवहारिक रूप में हम समस्त मानवीय ज्ञान को पुस्तकों एवं पुस्तकालय से प्राप्त कर सकते हैं । मनुष्य के अलावा जितने भी पशु है वे सभी अपनी वंश की नयी उत्पत्ति के साथ ही एक नया अध्याय प्रारम्भ करते हैं परन्तु अपने बीते हुये कल के अनुभवों, एवं ज्ञान का संकलन करता है तथा इस अर्जित पूर्व ज्ञान का संग्रहीत कर पुस्तकों एवं पुस्तकालयों में सुरक्षित कर देता है । जान वेस्ट[10]

सम्बन्धित साहित्य का महत्व:-

किसी भी शोध के मूल तक जाने के लिये सम्बन्धित विषय का सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि जब तक शोधकर्ता पुस्तकालयों एवं अन्य स्त्रोतो से सम्बन्धित शोध के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त नहीं कर लेता है तब तक उसका शोध अधूरा एवं अपरिपक्व ही रहेगा यद्यपि किसी भी विषय से सम्बन्धित साहित्य को एकत्र करना काफी समय लेता है परन्तु इससे अत्यन्तही फलदायक उपलब्धियां प्राप्त होती है क्योंकि शोधकर्ता के पास एकमात्र यही रास्ता है जिससे वह ज्ञात करता है कि उससे सम्बन्धित शोध के बारे में अन्य शोधकर्ता कहाॅं तक सफलता प्राप्त कर चुके हैं तथा उनका कितना लाभ समाज अथवा शिक्षा जगत को हुआ है ।

किसी भी विषय के लिये उससे सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण करते समय निम्नलिखित उद्देश्यों को ध्यान में रखना अत्यन्त आवश्यक है :-

1- किसी भी शोध से सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण करने पर यह जानकारी हो जाती है कि इससे पूर्व इस समस्या को हल तो नहीं किया जा चुका है अथवा जिस क्षेत्र में इसे प्रयोग में लाया गया है वह अन्य क्षेत्रों से किस प्रकार भिन्न है, इस प्रकार किसी शोध

समस्या की पुनरावृत्ति नहीं हो पाती हे ।

2- किसी भी साहित्य का अत्यन्त करने पर नये विचारों परिकल्पनों तथा महत्वपूर्ण सिद्धान्तों एवं सूत्रों की जानकारी प्राप्त हो जाती है जो शोध समस्या के हल करने में सहायक होती है।

3- इससे शोध हेतु उपयुक्त विधि का चयन करने में सहायता प्राप्त होती है ।

4- इससे पूर्व में किये गये शोध में प्रयुक्त आंकड़ों से वर्तमान शोध के आँकड़ों में तुलनात्मक रूप से अध्ययन करने में सुविधा हो जाती है ।

5- इससे शोधकर्ता को अपने शोधकार्य को आगे बढ़ाने में काफी प्रोत्साहन प्राप्त होता है।

उपरोक्त सभी उद्देश्यों को ध्यान में रखकर शोधकर्ता ने प्रस्तुत शोध हेतु सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण किया जिनमें कुछ प्रमुख शोध निम्न है ।

भारत वर्ष में किये गये शोधों पर एक दृष्टिः-

(1) कुलश्रेष्ठ, एस0के0[30] (1956) "ए स्टडी ऑफ इन्टेलीजेन्ट एण्ड एकोलिस्टिक एटेन्मैन्टस् ऑफ क्लास x एण्ड 1x क्लास स्टूडेन्टस इन यू.पी. "

उद्देश्य :- बुद्धि का मापन तथा तथा ग्रामीण एवं नगरीय जनता पर इस का प्रभाव ।

न्यादर्श :- कक्षा 10 तथा कक्षा 11 के 1520 विद्यार्थी तथा 22 स्कूल और इण्टर कालेज।

उपकरण- बुद्धि परीक्षण- (ग्रुप परीक्षण- नॉन बरवल), जलौटा ग्रुप टैस्ट (सामान्य बुद्धि परीक्षण)

उपलब्धिः- सामान्यतः बुद्धि परीक्षण से प्राप्त अंक विषयों में प्राप्त अंकों से प्राप्त अंकों का सह सम्बन्ध बहुत कम था । कुछ विषयों में प्राप्त अंक तथा सामान्य बुद्धि परीक्षण में प्राप्त अंकों में आपसी सह सम्बन्ध इतना अधिक कम था कि उनका कोई (प्रिडिट्यू) मूल्य नहीं था ।

(2) पटेल0 के0[52] (1967)

' सर्वे ऑफ लैग्बैज एचीवमेन्ट, रिजनिंग ऐबेलिटी एण्ड मेमोरी इन रिलेशन टू एकेडेमिक एचीवमेन्ट एमन्ग हाईस्कूल प्यूपिल्स एन्टेन्डिग इंगलिश मीडियम स्कूल्स इन एण्ड राउन्ट कलकत्ता "

उद्देश्य: -

(1) स्मृति, भाषा पर प्रभाव तथा तर्कशक्ति को प्रभावित करने वाले तत्वों के बारे में जानकारी प्राप्त करना ।

(2) स्मृति के कारकों तथा भाषाई कारकों के बीच सम्बन्ध ज्ञात करना ।

(3) विद्यालय की उपलब्धता में भाषा, कारकों तथा स्मृति के प्रभाव तथा उनकी उपलब्धि का अध्ययन करना ।

न्यादर्श :-

367 बालक, 198 बालिकायें जो कक्षा 10 में अध्ययनरत थी तथा 18 अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण करने वाले विद्यालय।

उपकरण :-

भाषाई उपलब्धि ज्ञात करने हेतु 1960 'पुनरावलोकन सहयोगी अंग्रेजी परीक्षण का फार्म 2 बी' भारतीय संख्यकी संस्थान द्वारा प्रकाशित 'फेक्टोरियल' तार्किक परीक्षण का प्रयोग स्मृति के कारकों को जानने हेतु किया गया। वेसलर स्मृति परीक्षण का फार्म 'टी' का प्रयोग स्मृति के मापन हेतु किया गया ।

1- बालक एवं बालिकाओं दोनों की स्मृति तथा मौखिक तार्किक को पूरे विद्यालय की उपलब्धता के परिप्रेक्ष्य में मूल्यांकन किया गया ।

2- अंग्रेजी विषय में बालक एवं बालिकाओं का स्मृति तथा मौखिक तार्किक को पारस्परिक सहयोग का अध्ययन करने हेतु 'सामूहिक अंग्रेजी परीक्षण' का प्रयोग किया गया ।

(3) ओझा, आर0एस0[47] (1968), "स्टीट्यूट ऑफ कालेज स्टूडेन्ट्स टूव्डर्स सरटेन सोशल प्राब्लस"

उद्देश्य :-

1- महाविद्यालयी छात्रों का शिक्षा के प्रति आपस में उल्लेखनीय अन्तर के बारे में जानकारी प्राप्त करना ।

2- विश्वविद्यालय स्तर पर पढ़ाये जाने विषयों के बारे में अभिभावकों के उल्लेखनीय व्यवहार तथा दृष्टिकोण का अध्ययन करना ।

न्यायदर्श:-

बिहार विश्व विद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 200 महाविद्यालीय विद्यार्थियों को (छात्र एवं छात्राओं) चुना गया जिनकी उम्र 18 से 25 वर्ष के बीच थी ।

उपकरण:-

लिकर्ट समान पंच पदीय (फाइव प्वाइन्ट) स्केल का निर्माण किया । विद्यार्थियों आर्थिक एवं शैक्षिक स्तर की मापन हेतु भी एक विवरणी तैयार की गयी ।

परिणाम:-

महाविद्यालीय विद्यार्थियों का कालेज स्तर की शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पाया गया ।

(4) चन्द्रशेखर[15] के (1969):- एजूकेशनल प्रोब्लस ऑफ स्डूल कास्ट्स"

उद्देश्य -

(1) मैसूर के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निवास करने वाले अनुसूचित जाति के लोगों की शैक्षिक समस्याओं का अध्ययन ।

(2) स्कूलों में सहभागिता तथा प्रदर्शन किस प्रकार अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को शैक्षिक वातावरण, माता-पिता के दृष्टिकोण और जाति वर्ग से प्रभावित करता है।

(3) ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की सामान्य दशा में परस्पर कोई विभेदीकरण पाया जाता है या नहीं ।

न्यादर्श:-

कुल न्यादर्श 3079 घारवार से चयनित किया गया तथा 820 तीन गाँवों से चयनित किये गये ।

निष्कर्ष:-

शोध ग्रन्थ से निम्न दो विन्दुओं पर निष्कर्ष निकाला गया ।

1- विद्यालय में सहभागिता

2- विद्यालय में प्रदर्शन (प्रफार्मेन्स)

(5) रस्तोगी, के0जी0 (1969), "ए स्टडी ऑफ दि रिलेशन विटविन इन्टेलीजेन्स, इन्ट्रस्ट एण्ड एचीवमेन्ट ऑफ दि हाई स्कूल स्टूडेन्स "

उद्देश्य:-

हाईस्कूल कक्षाओं में विज्ञान तथा अंग्रेजी पढ़ने वाले छात्रों की बुद्धि, रूचि एवं उपलब्धि में पारस्परिक सम्बन्ध का अध्ययन करना ।

न्यादर्श:-

1- कक्षा 10 के ऐसे 1600 विद्यार्थियों का चयन 16 विद्यालयों से किया गया जिनकी रूचि अंग्रेजी पढ़ने में थी ।

2- ऐसे ही 1626 विज्ञान के विद्यार्थियों का चयन उपरोक्त विद्यालयों एवं कक्षाओं से किया गया।

3- पारस्परिक सम्बन्ध ज्ञात करने हेतु 560 विद्यार्थियों का चयन किया गया ।

विधि:-

1- बुद्धि मापन हेतु जलोटा सामान्य बुद्धि परीक्षण का प्रयोग किया गया ।

2- उपलब्धि परीक्षण हेतु यू0पी0 बोर्ड की परीक्षाओं के ऑकड़े लिये गये ।

निष्कर्ष:-

1- विज्ञान विषय के छात्रों में बुद्धि एवं उपलब्धि में धनात्मक सहसम्बन्ध पाया गया ।

2- अंग्रेजी तथा विज्ञान दोनों ही विषयों के छात्रों में बुद्धि एवं रूचि में लगभग एक ही सह म्बन्ध पाया गया ।

3- बुद्धि एवं रूचि में पारस्परिक सम्बन्ध अधिक पाया गया जबकि उपलब्धि के बीच इन का पारस्परिक सम्बन्ध कम था ।

(6) पाण्डे, आर0एन0[49] (1970) "डिफरेन्श इन मेन्टल एवेलिटी एमन्ग सोशल क्लासेस"

उद्देश्य:-

शोधकर्ता पूर्वी उ0प्र0 में पाये जाने वाले पॉच वर्गो, सामाजिक वर्ग, उच्च मध्य सामाजिक वर्ग, निम्न मध्य सामाजिक वर्ग, उच्च निम्न सामाजिक वर्ग तथा निम्न सामाजिक वर्ग के सामान्य मानसिक दक्षत: परीक्षण पर आधारित था ।

न्यादर्श:-

800 ऐसे छात्रों का चयन किया गया जो कक्षा 8 से लेकर स्नातक स्तर की कक्षाओं से पूर्व की कक्षाओं में अध्ययन कर रहे थे ।

उपकरण:-

सामाजिक वर्गो के मूल्यांकन हेतु शोधकर्ता द्वारा एक मापनी का निर्माण किया गया तथा

जलोटा सामूहिक मानसिक दक्षता मापनी का प्रयोग किया गया ।

निष्कर्ष:-

1- प्रत्येक वर्ग, अन्य वर्गो की मानसिक दक्षता में प्राप्त अंकों से भिन्न पाया गया ।

2- उच्च सामाजिक वर्ग के छात्रों ने विभिन्न मानसिक दक्षता परीक्षण में अन्य वर्गो की अपेक्षा अधिक अच्छे अंक प्राप्त किये ।

3- उक्त एवं शिक्षा के अनुसार विभिन्न वर्गो के विद्यार्थियों में सामान्य मानसिक दक्षता में आपस में बहुत कम अन्तर पाया गया ।

(7) राजकीय शिक्षा महाविद्यालय जबलपुर[23] (1971) "ए स्टडी ऑफ स्टूडेन्स स्टीच्यूट टूर्डस टीचर्स विद् डायरेक्ट एण्ड इनडायरेक्ट एन्फ्लूऐन्श इन जबलपुर"

उददेश्य :-

1- इस शोधकार्य का उद्देश्य यह ज्ञात करना था कि क्या छात्र ऐसे अध्यापकों को पसन्द करते हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से इन्हें प्रभावित करते हैं ।

2- क्या छात्र ऐसे अध्यापकों को नापसन्द करते हैं, जो प्रत्यक्ष रूप से उन्हें प्रभावित करते हैं।

न्यादर्श:-

ऐसे 78 अध्यापकों/अध्यापिकाओं को न्यादर्श हेतु चुना गया जो प्रशिक्षित तथा अप्रशिक्षित दोनों में तथा विज्ञान, भाषा एवं सामाजिक विज्ञान आदि विषयों का शिक्षण कर रहे थे । इस बात का विशेष ध्यान रक्खा गया था कि यह सभी अध्यापक/अध्यापिकायें कम से कम तीन वर्ष का अध्यापन अनुभव अवश्य रखते है । यह शिक्षक 17 छात्र एवं छात्राओं का प्रतिनिधित्व करते थे जो विभिन्न प्रकार की शिक्षण संस्थाओं जैसे राजकीय, अर्द्ध राजकीय तथा निजी शैक्षिक संस्थाओं द्वारा संचालित थे।

उपकरण:-

1- विद्यार्थियों की अभिवृत्ति मापन हेतु एक प्रश्नावली का निर्माण किया गया ।

2- अध्यापकों के प्रभाव को नापने हेतु 10×10 मैट्रिस तथा एक मास्टर मैट्रिस का निर्माण कया गया था ।

निष्कर्ष:-

1- सामान्य रूप से यह पाया गया कि विद्यार्थी ने ऐसे शिक्षकों को ज्यादा पसन्द किया जो अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते थे ।

2- एसे शिक्षकों सामान्यतः नापसन्द किया गया जो प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते थे ।

(8) मुथया, वी.सी.[49] (1972) :- "स्टीट्यूट यू चिल्ड्रन्स एजूकेशन एन ओप्नीयन एलालिसिस ऑफ विलेजर्स इन ए डिपलेपमेन्टल ब्लाक इन हैदराबाद डिस्ट्रिक्ट"

उद्देश्य :-

शोधकर्ता द्वारा यह शोध ग्रामीण लोगों का छोटे बच्चों की शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति जानने हेतु किया गया ।

न्यादर्श:-

कुल 342 लोगों को चुना गया जिनमें 42 लोग निम्न आय वर्ग , 251 मध्यम आय वर्ग तथा 49 लोग उच्च आय वर्ग से चुने गये थे ।

कुल उत्तरदाता 684 थे जिनमें 342 पुरूष तथा 342 महिलायें थी। उत्तरदाताओं की आयु सामान्यतः 31-50 वर्ष के बीच थी ।

विधि:-

अध्ययनरत् विद्यार्थियों के अभिभावकों की प्रतिक्रिया की व्याख्या हेतु छः प्रश्नों का

चयन किया गया । प्रश्नों का उत्तर हाँ/नहीं के आधार पर रिकार्ड किया गया । ऑकड़ों के विभेदीकरण हेतु प्रतिशत, काई स्वैक्यर आदि की गणना की गयी ।

निष्कर्ष:- शोध कार्य की पूर्णता पर निम्न निष्कर्ष प्राप्त हुये :-

1- ऐसे 53.7% व्यक्ति थे जो बच्चों को 5 वर्ष की उम्र में विद्यालय भेजे जाने पर सहमत थे जिनमें 61.18% पुरूष तथा 46.2% महिलायें थी ।

2- 66.18% उत्तरदाता ऐसे थे जिनकी दृष्टि में उन्हीं बच्चों को शिक्षा दी जानी चाहिये जिनके माता-पिता धनवान है । इस दृष्टिकोण में पुरूष तथा महिला दोनों ही बड़ी संख्या में शामिल थे परन्तु स्त्रियों का प्रतिशत 72.2 था जो पुरूषों से अधिक था ।

3- पुरूष एवं महिला दोनों ही उत्तरदाता इस बात पर सहमत थे कि महिलाओं की शिक्षा पर खर्च की जाने वाली धनराशि व्यर्थ नहीं जाती। इस प्रश्न के पक्ष में 64.3% उत्तरदाता थे जिसमें 35.1% महिलायें तथा शेष पुरूष थे ।

4- एक बडी संख्या में उत्तरदाता इस बात पर सहमत थे कि इतनी उच्च शिक्षा महिलाओं को नहीं दी जानी चाहिये जितनी कि पुरूषों को दी जाती है। यद्यपि इस के पक्ष में स्त्री और पुरूष दोनों ही मतदाता शामिल थे परन्तु स्त्रियों का प्रतिशत 59% तथा पुरूषों का 52.4% था जबकि दोनों का सम्मिलित प्रतिशत 55.8 था ।

5- 49.8% उत्तरदाता इस पक्ष में थे कि महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में हेय दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिये ।

6- ऐसे मत व्यक्त करने वाले लोगों की संख्या अत्यधिक अर्थात् 65.2% थी जो बालिकाओं के यौवनावस्था में प्रवेश करने के बाद स्कूल न भेजे जाने के पक्ष में थे क्योंकि इस स्थिति में विवाह होने की सम्भावना अधिक है ।

7- ऐसे महिला उत्तरदाताओं की संख्या लगभग 74% थी जो इस बात से सहमत थी कि परिपक्व होने के बाद किसी भी दशा में बालिका को विद्यालय न भेजा जाये। इस मत

के पक्ष में लगभग 69.3% पुरूष थे जबकि कुल प्रतिशत 71.6 था ।

(9) रथ एवं दस[61] (1972):- के द्वारा, "इन्टेक्चूअल एण्ड अदर कागनिटिव मेनी फैस्टेशन ऑफ थ्री ग्रुप्स ऑफ चिल्ड्रेन इन उड़ीसा विलोंग्निंग टू थ्री कास्टस, ट्राइन्स चिल्ड्रेन" रीडिंग टू गैदर इन दि सेम क्लास ।"

निष्कर्ष:-

प्रस्तुत शोध में यह निष्कर्ष निकाला गया कि ब्राह्मण छात्रों ने सबसे अधिक अंक प्राप्त किये उसके बाद अनुसूचित जन जाति तथा सबसे कम अंक अनुसूचित जाति के छात्रों ने प्राप्त किये । सभी विषयों में इन छात्रों का प्रदर्शन अत्यन्त ही निम्न स्तर का रहा ।

(10) अतीशाह और समनाथन, एस[2] (1974):- " एजूकेशनल प्रोब्लम्स ऑफ स्टूडल्ड कास्ट एण्ड स्टूल्ड ट्राइव इन तमिलनाडू ।"

उद्देश्य :-

1- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की समस्याओं के प्रकार तथा उतनी अधिकता के बारे में विश्वसनीय एवं संगत पूर्ण जानकारी ज्ञात करना ।

2- सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को दी जाने वाली सहायता का उद्देश्यपूर्ण मूल्यांकन ।

3- ऐसे उपयुक्त सुझाव प्रस्तुत करना जो अच्छे हो तथा जल्दी अच्छे परिणाम दे सकते हो, का वर्तमान नीतियों के परिप्रेक्ष्य में जानकारी क्रियान्वित करने पर जोर देना ।

न्यादर्श:-

न्यादर्श के रूप में 1027 विद्यार्थियों का चयन 40 विद्यालयों से किया गया जिनमें से दो-दो विद्यालय, कालेज अनुसूचित जाति, जनजाति के जनपदों से लिये गये ।निम्न लिखित चार

विन्दुओं पर न्यादर्श विभाजित किया -

1- 232 अनुसूचित जाति के स्कूली विद्यार्थी, 69 सामान्य जाति के विद्यार्थी तथा 50 प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक।

2- 187 अनुसूचित जाति के कालेज विद्यार्थी तथा 53 सामान्य जाति के विद्यार्थी, 70 प्रधानाचार्य एवं प्रवक्ता ।

3- 174 अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थी तथा 51 सामान्य जाति के विद्यार्थी एवं 48 प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक ।

4- 47 अनुसूचित जनजाति के कालेज विद्यार्थी तथा 16 सामान्य वर्ग के विद्यार्थी एवं 30 प्रधानाचार्य एवं प्रवक्ता।

स्कूली विद्यार्थियों का चयन कक्षा 9 तथा कक्षा 11 से तथा कालेज विद्यार्थी बी.ए./ बी.एस.सी./बी.काम द्वितीय तथा तृतीय वर्ष की कक्षाओं से चयनित किये गये ।

शोध विधि:-

ऑकड़ों का एकत्रीकरण , प्रश्नावली साक्षात्कार, राजकीय कार्यालयों के रिकार्ड से तथा स्थानीय स्तर के शिक्षा विभाग के कार्यालयों तथा स्कूलों के प्रधानाध्यापकों एवं कालेजों के प्रधानाचार्यो से प्राप्त की गयी ।

निष्कर्ष:-

1- अनुसूचित जाति के लोगों को साक्षात्कार 1971 में 26.00 थी जो वर्ष 1993 में

2- प्राथमिक स्तर पर अपका बहुत अधिक था परन्तु मिडिल स्तर पर अनुसूचित जाति के छात्र सामान्य स्तर के छात्रों से लगभग बराबर थे ।

3- अधिकांश विद्यार्थी ऐसे परिवारों से आये थे जो पढ़े लिखे नहीं थे तथा अधिक तंगी का जीवनयापन कर रहे थे । यह प्रतिशत क्रमशः 67.22 एवं 90.5 था । यह छात्र

केवल 3-4 घण्टे ही अध्ययन करते थे, किसी वाह्य क्रियाओं में भाग नहीं लेते थे तथा पाठ्यक्रम को समझने में कठिनाई महसूस करते थे।

4- 78.5% लोग ऐसे थे जो इस मत के समर्थन में थे कि अनुसूचित जाति के लोगों के स्तर में कोई सुधार नहीं हुआ है ।

5- अनुसूचित जाति की लड़कियां, अधिकतर कला वर्ग की विद्यार्थी थी तथा उन्हें शिक्षण में किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं होती थी ।

(11) बिन्दु, आर[12] ए (1974), "प्रोग्रेस ऑफ एजूकेशन ऑफ शिडूल्ड कास्ट्स इन उत्तर प्रदेश। "

लक्ष्य:-

1- अनुसूचित जाति के लोगों की साक्षरता एवं शिक्षा की प्रगति का अध्ययन विशेष रूप से स्वतन्त्रता के बाद गठित विभिन्न पंच वर्षीय योजनाओं में ।

2- अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग के लोगों के बीच शैक्षिक विकास की गति का तुलनात्मक अध्ययन ।

3- विभिन्न मंडलों एवं जिलों के अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों का अलग अलग शैक्षिक विकास का अध्ययन ।

4- अनुसूचित जाति के लोगों के लिये सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उनकी शिक्षा पर प्रभाव ।

शोध विधि:-

ऐतिहासिक एवं विवरणात्मक दोनों ही पद्धतियों का संयुक्त रूप से प्रयोग किया गया ।

ऑकड़ों का एकत्रीकरण:-

शोध हेतु ऑकड़ों का सकत्रीकरण सम्बन्धित कार्यालयों के अभिलेखों तथा सरकार द्वारा

प्रकाशित विभिन्न पत्र पत्रिकाओं से किया गया।

निष्कर्ष:- शोध से प्राप्त कुछ प्रमुख निष्कर्ष निम्न प्रकार थे -

1- उ0प्र0 के अनुसूचित जाति वाले साक्षर, लोगों का प्रतिशत अन्य राज्यों से बहुत कम था इस वर्ग की स्त्रियों की साक्षरता का प्रतिशत बहुत कम था ।

2- अनुसूचित जाति की कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किये जाने वाली धनराशि उ0प्र0 में अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम थी ।

3- उ0प्र0 में निवास करने वाले अनुसूचित जाति के लोगों के मध्य सामान्य रूप से लोकप्रिय नहीं थी।

4- उ0मा0 स्तर की शिक्षार्थी अधिक लोकप्रिय नहीं थी।

5- माध्यमिक स्तर की शिक्षा हेतु अनुसूचित जाति के लोगों का नामांकन बहुत न्यून था तथा इस जाति की स्त्रियों का नामांकन तो लगभग नगण्य था ।

(12) पाण्डे; आर0पी0-1974 :-"ए स्टडी ऑफ ऐकेडिमिक एचीवमेन्ट ऑफ एडोलेस्टेन्ट स्टूडेन्स ऑफ रूरल एण्ड इन्डस्ट्रीयल एरियास इन रिलेशन टू देयर इन्ट्रोवर्ड- एक्ट्रोवर्ड एटीच्यूट्स एण्ड सरटेन अदर परसनलिटी

उद्देश्य:-

कला एवं विज्ञान दोनों वर्गो के किशोरों का प्रारम्भिक किशोरावस्था में व्यक्तित्व, औद्योगिक प्रष्ठभूमि एवं ग्रामीण स्तर मानसिक स्तर पर प्रमुख का अध्ययन ।

न्यादर्श:

तेरह से पन्द्रह वर्ष तथा सोलह से अठारह वर्ष की आयु के 800 विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा ।

उपकरण:- शोध कार्य हेतु निम्न उपकरण प्रयोग में लाये गये ।

1- माडले व्यक्तित्व मापनी।

2- सामान्य बुद्धि परीक्षण का जलोटा परीक्षण।

3- आई. पी.ए टी. हाईस्कूल व्यक्तित्व सम्बन्धी प्रश्नावली।

निष्कर्ष:-

1- व्यक्तित्व के आधार पर उच्च उपलब्धि समूह तथा कम उपलब्धि समूह में काफी भिन्नता पायी गयी ।

2- कला वर्ग के विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर तथा भावनात्मक स्थिरता विज्ञान वर्ग के छात्रों की अपेक्षा अत्यन्त न्यून था ।

3- किशोर विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि नगर और ग्रामीण क्षेत्र के अनुसार सह सम्बन्ध थी।

4- कला वर्ग में उच्च उपलब्धि वर्ग छात्रों की औद्योगिक पृष्ठभूमि उच्च शैक्षिक उपलब्धि हेतु अत्यधिक उपयुक्त पाया गया जबकि ग्रामीण पृष्ठ भूमि पिछड़ेपन का कारण मुख्य कारण रहा ।

{13} पिम्पर्ले, पी0एन0{1974{:- "प्रोब्लम्स ऑफ सिडूल्ड कास्ट स्टूडेन्ट्स इन पंजाब स्कूल स्टूडेन्ट्स।"

उद्देश्य:-

पंजाब में अनुसूचित जाति के लोगों का सामाजिक, आर्थिक स्तर की जानकारी करने हेतु शोधकर्ता इस शोध में काफी प्रयास किया । इस हेतु स्कूली गतिविधि, सामाजिक दूरी के प्रति उनका दृष्टिकोण, उन्हें प्राप्त सुविधाओं में उनकी राय जानकर यह जानने का प्रयास किया जायेगा कि

उन्हें शैक्षिक उपलब्धि में क्या क्या समस्यायें आती है ।

न्यादर्श-

पंजाब के 20 स्कूलों से 254 विद्यार्थियों का चयन किया गया ।

शोध विधि:-

प्रश्नावली एवं साक्षात्कार द्वारा ऑकड़ों का एकत्रीकरण किया ~~जाये।~~ गया ।

निष्कर्ष:-

1- अनुसूचित जाति के छात्रों द्वारा कक्षाओं में उपस्थित होकर अपनी जिज्ञासा तथा उत्सुकता प्रदर्शित करने के साथ-साथ अधिक से अधिक समय अध्ययन हेतु दिया गया । इच्छी नौकरी हेतु उनकी आकांक्षा भी तीव्र थी परन्तु अध्ययन को बीच में छोड़ने वाले छात्रों का प्रतिशत अत्यन्त अधिक था ।

2- इन छात्रों का शैक्षिक स्तर उनके अध्यापकों की आकांक्षा से कम पाया गया ।

3- पाठ्य सहगामी क्रियाओं में उनका योगदान अत्यन्त न्यून था ।

4- जातिगत स्तर किसी भी प्रकार अन्य विद्यार्थियों से सम्बन्ध स्थापित करने में आड़े नहीं आया ।

5- इस जाति के छात्रों ने यह अनुभव किया कि , आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक स्तर का अत्यधिक महत्व है और उनका प्रभाव किसी भी नौकरी पर पड़ता है ।

6- लगभग 60% विद्यार्थियों ने यह अनुभव किया कि उनकी दशा में काफी सुधार हुआ है परन्तु उनका स्तर अन्य वर्गो की अपेक्षा अभी भी निम्न है ।

7- इस वर्ग के छात्रों से अधिकांश को सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी नहीं थी और जिन्हें थी भी उनमें से अधिकांश छात्रों ने इस सुविधा का लाभ नहीं उठाया ।

(14) टी.पी.सिंह, वी.पी. पान्डे तथा टी.आर. यादव (1974):- "पूर्वी उत्तर प्रदेश माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति तथा जनजाति के छात्रों का अध्ययन करना।"

उद्देश्य:-

शोधकर्ताओं द्वारा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के छात्रों के सामाजिक, आर्थिक स्तर, विद्यालय में उनकी कार्यविधि, समाज के प्रति उनका दृष्टिकोण तथा उनकी प्रगति में बाधक समस्याओं के बारे में अध्ययन किया गया।

न्यादर्श:- 240 विद्यार्थी, 16 विद्यालयों से 64 शिक्षक

उपकरण - साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग आँकड़ों के एकत्रीकरण के लिये किया गया।

निष्कर्ष-

1- बालिकाओं की शिक्षा की स्थिति अत्यन्त ही दयनीय स्थिति में थी। 240 विद्यार्थियों में से केवलएक बालिका विद्यार्थी थी।

2- सामाजिक-आर्थिक स्तर विपरीत होने के बावजूद विद्यार्थियों का एक बड़े समूह ने अध्ययन के क्षेत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया। ऐसे विद्यार्थियों ने कक्षा में पढ़ाये गये पाठों में किसी प्रकार की कोई कठिनाई अनुभव नहीं की।

3- सामाजिक स्तर शिक्षक-छात्रों के आपसी सम्बन्धों में किसी प्रकार का गतिरोध नहीं बना।

4- कुछ छात्रों ने (15) ने बताया कि उनकी जाति के लिये विशेष रूप से चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों से उनके आत्म सम्मान को उन्हें प्रदान की जाने वाली सुविधाएं लेने से उनके आत्म सम्मान को आघात पहुँचता है।

5- लगभग 63% अध्यापकों द्वारा यह अनुभव किया गया कि अनुसूचित जाति के छात्रों की बुद्धि का स्तर, सामान्य जाति वर्ग के छात्रों की तुलना में कम था ।

एस. चिटनिस - (1974)

महाराष्ट्र के विश्वविद्यालय स्तर के अनुसूचित जाति तथा जनजाति के विद्यार्थियों की शैक्षिक समस्याओं का अध्ययन ।"

उद्देश्यः-

अनुसूचित जाति तथा जनजाति के विद्यार्थियों के विभिन्न क्रियाकलापों में सहभागिता का सामान्य जाति वर्ग से तुलनात्मक अध्ययन करना ।

न्यादर्श-

महाराष्ट्र के 5 जिलों के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को चुना गया ।

निष्कर्षः-

1- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विभिन्न आयु वर्ग तथा विभिन्न लिंगों के उत्तरदाताओं में बहुत कम भिन्नता पायी गयी ।

2- अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति दोनों ही जाति के विद्यार्थियों ने पाठ्य सहगामी क्रियाओं में कोई रूचि प्रदर्शित नहीं की परन्तु पढ़ने तथा व्यवसाय के प्रति उनकी रूचि अत्यधिक थी।

3- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति दोनों के ही विद्यार्थियों ने सरकारी सुविधाओं के प्रति नाराजगी प्रदर्शित की ।

4- दोनों ही जातियों के विद्यार्थियों द्वारा सभी माध्यमों के सामने विचार व्यक्त करने के प्रति अनिच्छा व्यक्त की ।

5- शिक्षकों के अनुसार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अच्छे थे परन्तु अन्य विद्यार्थियों की तुलना में गरीब थे।

नवयुवक अध्यापकों का इन जातिवर्ग के विद्यार्थियों के प्रति रवैया नरम नहीं था क्योंकि उन्हें जो सुविधायें उपलब्ध है उसके अनुसार उनकी उपलब्धियां नहीं थी ।

16 सूद, जे.के. [76] (1974)

'ए स्टडी आफ एटीट्यूटस टूव्डर्स साइन्स एण्ड सांइटेस्ट एमन्ग वेरियस ग्रुप ऑफ स्टूडेन्ट्स एण्ड टीचर्स इन इण्डिया।

उद्देश्य-

बालक एवं बालिकाओं तथा शिक्षक, शिक्षिकाओं का विज्ञान विषय के प्रति अभिवृत्ति जानने के उद्देश्य से एक अभिवृत्ति मापनी का निर्माण करना।

न्यादर्श-

10,000 विद्यार्थी तथा अध्यापक'। विद्यार्थियों का चयन उच्च सामाजिक आर्थिक स्तर परिवारों से किया गया केवल ऐसे विद्यार्थियों का ही चयन किया गया जो दिल्ली तथा राजस्थान के अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में अध्ययन कर रहे थे । डा. जलोटा द्वारा तैयार की गयी सामाजिक आर्थिक स्तर सम्बन्धी मापनी का प्रयोग किया गया। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों द्वारा वार्षिक परीक्षा में जो अंक प्राप्त किये उन्हें भी ऑकड़ों के रूप में प्रयोग किया गया।

निष्कर्ष -

1- ऐसे विद्यार्थियों तथा विज्ञान शिक्षकों का जो विज्ञान में रूचि रखते है की अभिवृत्ति धनात्मक रही ।

2- लिंग भेद का विज्ञान के विद्यार्थियों तथा विज्ञान के शिक्षकों पर कोई प्रभाव द्राष्टिगोचर नहीं हुआ ।

17 अग्रवाल, वाई.पी.-

ए स्टडी ऑफ लोकस ऑफ कन्ट्रोल एण्ड जनरल इन्टेलीजेन्स एमन्ग दि ट्ठू ग्रुप्स ।

उद्देश्य -

1- सामान्य जाते तथा अनुसूचित जाते के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विभिन्न उपागमों पर प्रभाव का अध्ययन करना ।

2- दोनों वर्गो के विद्यार्थियों के मध्य सामान्य बुद्धि का अध्ययन करना ।

न्यादर्श - 130 अनुसूचित जाति तथा 145 सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों का चयन किया गया।

उपकरण- केरल कल्चर परीक्षण (हिन्दी संस्करण) का प्रयोग ऑकड़ो के एकत्रीकरण हेतु किया गया ।

निष्कर्ष-

अनुसूचित जाति तथा सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के मध्य बुद्धि सम्बन्धी परीक्षण करने में यह पाया गया कि सामान्य वर्ग के विद्यार्थी अधिक मेधावी थे जबकि अनुसूचित जाति कम ।

18 नैय्यर, पी.के.वी. (1975)-

'दि शिड्यूल्डकास्ट एण्ड शिड्यूल्ड ट्राइब्स हाईस्कूल स्टूडेन्टस इन केरल '

उद्देश्य -

1- अनुसूचित जाति तथा जनजाति के विद्यार्थियों की शैक्षिक समस्याओं का अध्ययन ।

2- अनुसूचित जाति तथा जनजाति के विद्यार्थियों हेतु सरकारी शैक्षिक नीतियों का मूल्यांकन।

3- सरकार की वर्तमान नीतियों तथा क्रियान्वन विधियों के यापन हेतु विभिन्न उपयों का सुझाना।

न्यादर्श-

20 विद्यालयों से 243 अनुसूचित जाति तथा 18 विद्यालयों से 193 अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को चयन किया गया।

निष्कर्ष:-

1- अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के अधिकांश विद्यार्थी अविवाहित थे। हिन्दू तथा क्रिश्चियन जाति के परिवार सबसे अधिक पढ़े लिखे थे ।

2- लगभग 3/4 अनुसूचित जाति तथा 4/5 अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थी अपने शिक्षकों द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषयों का अनुसरण नहीं कर पा रहे थे ।

3- पाठ्यसहगामी क्रियाओं में उनकी भागीदारी एक सीमित दायरे में थी। उनके द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा साक्षरता आदि कार्यक्रम में ही वे भाग लेते थे ।

4- शैक्षिक आकांक्षा उनके पिता की शिक्षा तथा उत्साह वर्द्धन पर निर्भर थी।

19. सोनी, वी.डी.[75] (1975), 'एजूकेशनल प्रोब्लम्स ऑफ शिडूडल्ड कास्ट कालेज स्टूडेन्टस इन यू.पी. (वेस्ट)।

उद्देश्य - अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की समस्यायें ।

न्यादर्श- महाविद्यालयों में बी.ए., बी.एस.सी. बी.काम पाठ्यक्रम हेतु नामांकित विद्यालयों के कक्षा 9 एवं 10 में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का चयन भी किया है। जिनमें बालक 95.1% तथा बालिकायें 4.81% थे ।

निष्कर्ष- 1-पश्चिमी उ0प्र0 में मुख्य रूप से पाये जानी 7 जातियों जिनमें चमार तथा जाटव कालेज स्तर की शिक्षा में अधिक प्रभावी थे तथा उनके बाद बाल्मीकि तथा घोड़ी जाति के विद्यार्थी थे तथा इन सभी का शैक्षिकस्तर उनकी आमदनी पर निर्भर कर रहा था ।

2- लगभग 50% प्रतिभागी शैक्षिक रूप से पिछड़े परिवारों के थे तथा 90% से 95% परिवारों का आर्थिक स्तर बहुत न्यून था ।

3- लगभग 11.85% प्रतिभागी किसी न किसी लघु उद्योग तथा 4.48% किसी न किसी रोजगार से सम्बद्ध थे । वे लोग अपने शैक्षिक स्तर में सुधार हेतु अथवा छात्र-वृत्ति प्राप्त करने के उद्देश्य से शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रवेश लिये थे ।

बड़ी-बड़ी संस्थाओं में प्रवेश लेने हेतु उनमें अधिक आकर्षण देखा गया ।

5- कलावर्ग की कक्षाओं में इस वर्ग के विद्यार्थियों की संख्या अधिक थी जबकि विज्ञान तथा कामर्स वर्ग में इनकी संख्या बहुत कम थी । यद्यपि उनकी पढ़ने में अभिवृत्ति अच्छी थी तथा वे लगभग 4 घण्टे रोज पढ़ते थे ऐसे विद्यार्थियों का लगभग 63.46% था । बहुत से विद्यार्थी ऐसे भी थे जिनके पास अध्ययन करने हेतु स्थान ही उपलब्ध नहीं था । 38 उत्तरदाताओं ने बताया कि उन्हें शिक्षकों द्वारा दिये जाने वाले व्याख्यान समझने में परेशानी होती थी। 42 विद्यार्थी ऐसे थे जिन्हें कक्षा में अन्य समस्यायें उठानी पड़ती थी तथा 19 विद्यार्थियों को भाषा की समस्या थी।

6- उत्तरदाताओं से लगभग 64.16% विद्यार्थियों ने पाठ्यसहगामी क्रियाओं में भाग लिया। इनकी सहभागिता जिलास्तर के कार्यक्रमों तक सीमित रही ।

7- उनकी आकांक्षा स्तर काफी उच्च 58.03% विद्यार्थी परास्नातक उपाधि प्राप्त करने की आकांक्षा रखते थे जबकि 19.86% व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का अध्ययन करना चाहते थे। ऐसे विद्यार्थी जो व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का अध्ययन करना चाहते थे उनके परिवार बिना पढ़े लिखे अथवा बहुत कम साक्षरता प्राप्त थे ।

8- लगभग 45.21% विद्यार्थी दो अथवा तीन अखबार पढ़ते थे जिनमें क्षेत्रीय अखबार अधिक पढ़े जाते थे । अंग्रेजी अखबार पढ़ने वाले विद्यार्थी केवल 7,58% थे। 23.1% लोग किसी न किसी राजनीतिक पार्टी से प्रभावित थे जिनमें 41.25 लोग राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से प्रभावित थे जबकि 25.9% लोग अनुसूचित जाति के नेताओं से प्रभावित थे ।

9- 79.8% अनुसूचित जाति के लोगों का सामान्य स्तर उच्च था यद्यपि अन्य जातियों की तुलना में यह काफी निम्न था। लगभग 15.06% लोग ऐसे थे जो सरकार की आरक्षणनीति से सहमत नहीं थे । वे लोग आरक्षण के लाभ को उचित तो समझते थे परन्तु उपलब्ध सुविधाओं से संतुष्ट नहीं थे। ऐसे लोगों की संख्या शहरी क्षेत्रों में ज्यादा थी ।

10- ऐसे विद्यार्थी जो छात्रावासों में रह रहे थे उनकी शैक्षिक आकांक्षा का स्तर काफी ऊँचा था तथा वे अच्छे व्यवसाय चुनने के प्रति सचेत भी थे वह अखबारों तथा राजनीति के प्रति सचेत तो थे परन्तु किसी भी प्रकार से सक्रिय राजनीति से जुड़ना पसन्द नहीं करते थे।

11- 15 महिलाओं के न्यादर्श से 8 ने अपना शैक्षिक कैरियर स्वयं ही तय किया जबकि शेष ने अनुभव किया कि अनुसूचित जाति का होने के कारण वे अपने सहपाठियों के व्यवहार में परिवर्तन नहीं ला सकती।

12- प्रधानाचार्यो तथा 58 शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया जिनमें से अधिकांश का यही मत था कि अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर अत्यंत निम्न स्तर का था । दूसरी ओर 25.8% लोगों ने आरक्षण का अनावश्यक तथा व्यर्थ बताया।

20- सोमैन, एन.ई.[74] (1976) 'ए स्टडी आफ मेमोरी'

उद्देश्यः- इस शोध ग्रन्थ में संस्कृत साहित्य तथा संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में स्मृति सम्बन्धी विभिन्न तकनीकों का प्रयोग का विवरण प्रस्तुत किया जाना ही उद्देश्य निर्धारित किया गया है।

शोधविधि- शोध विषय चार भागों में विभक्त किया गया है। यह निम्नवत् बताये गये है-

(1) रोट स्मृति (2) सासट्रिक स्मृति (3) मेटेरियलस्मृति (4) रिलीवेन्स ऑफ मेमोरी इन मेटा फिजक्स ।

निष्कर्ष :-

स्मृति की संस्कृति मात्र ही सीखने की प्रक्रिया नहीं है बल्कि रहन सहन की कला स्मृति को प्रभावित करती है।

21- शर्मा, ए.पी.और चन्द्र कला[65] (1977) मार्च , " दि एफेक्ट ऑफ सेक्स, एज एण्ड पेरेन्टस प्रोफेसन ऑन दि एटीच्यूट ऑफ चिल्ड्रन टुबुर्स स्कूल प्रोग्राम"

न्यादर्श-

225 विद्यार्थी (105 बालक 120 बालिकायें) को शोधकार्य हेतु चुना गया (नौकरी

पेशा वर्ग से 110 तथा व्यापारी वर्ग से 115 लोगों का चयन किया गया।

शोध विधि-

उपकरण- स्कूल प्रोग्राम के मापन हेतु लिकर्ट की तरह की रेटिंगस्केल तैयार की गयी।

ऑकड़ों का विभेदीकरण- मीन एस.डी.तथा एनालिसिस आफ वेरियन्स से सम्बन्धित सांख्यिकी का प्रयोग किया गया ।

निष्कर्ष -

1- नौकरी पेशा वर्ग के विद्यार्थियों की अभिवृत्ति का मध्यमान व्यावसायिक वर्ग के विद्यार्थियों से ज्यादा पाया गया।

2- विभिन्न कक्षाओं में दोनों लिंगों के विद्यार्थियों पर उनके माता-पिता के व्यवसाय की छलक स्पष्ट दृष्टिगोचर हुई ।

3- पुरूष और महिला दोनों वर्ग में आयु तथा व्यवसाय का आपसी सहसम्बन्ध .01 स्तर पर विश्वसनीय पाया गया ।

4- लिंग तथा कक्षा दोनों का अलग अलग मूल्यांकन करने पर कक्षा 9 के विद्यार्थियों में लड़के तथा लड़कियों दोनों का आपसी तालमेल सम्बन्धी काफी अलगाव पाया गया।

22- आचार्य, एस.टी.बी. जी (1978)-

'ए स्टडी ऑफ दि रिलेशनशिप एमन्ग क्रियेटिव थिकिंग, इन्टैलीजेन्स एण्ड स्कूल एचीवमेन्ट '

उद्देश्य -

रेन्डम न्यादर्श विधि द्वारा 400 नगरीय विद्यार्थियों (200 बालक और 200

लड़कियों, का चयन किया गया था जिनमें शोध हेतु एक दर्जन स्कूलों का चयन आन्ध्रप्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले से किया गया।

उपकरण - टी.टी.सी.टी., कैटल्स कल्चर फेयर इन्टेलीजेन्स टेस्ट, शैक्षिक उपलब्धि का मापन करने हेतु कक्षा में पाँच विषयों में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को आधार बनाया गया था ।

शोधविधि- सह सम्बन्ध तथा फेक्टोरियल (7×3) डिजायन का प्रयोग किया गया।

निष्कर्ष-

1- लिंग के आधार पर बुद्धि, उपलब्धि तथा क्रियाशीलता सम्बन्धी कोई भी उत्तर तेलगू सामान्य विज्ञान तथा समाजिक विज्ञान के मध्य नहीं पाया गया।

2- शाब्दिक क्रियाशीलता उपलब्धि परीक्षण के अन्तर्गत अंग्रेजी तथा गणित के मध्य विश्वसनीयता स्तर बालिकाओं के पक्ष में गया ।

3- जेटजेल्स-जेकसन का प्रभाव उच्च तथा निम्न वर्गो में बुद्धि एवं शाब्दिक क्रियाशीलता के मध्य देखा गया जिसमें आपसी सह सम्बन्ध पाया गया ।

4- उच्च बुद्धि और उच्च शब्दिक क्रियाशील वर्गो के बीच उपलब्धि का स्तर विभिन्न विषयों में काफी उच्च पाया गया।

23- **गुप्ता एल.पी.**[24] **(1978)** 'ए स्टडी ऑफ दि परसनल करक्टेरिस्टन्स्स एण्ड ऐकेडमिक एचीवमेन्ट ऑफ शिडूल्ड कास्ट एण्ड वेकवर्ड क्लास स्टूडेन्स ऑफ मेरठ यूनीवर्सिटी।'

उद्देश्य-

1- डिग्री तथा परास्नातक स्तर के अनुसूचित जाति तथा पिछडी जाति के विद्यार्थियों के मध्य बुद्धि के आधार पर विभिन्न क्षमताओं का अध्ययन करना ।

2- सामान्य, पिछड़ी जाति तथा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक उपलब्धियों का अध्ययन ।

न्यादर्श-

मेरठ वि.वि. से सम्बद्ध है महाविद्यालयों का चयन किया गया। आँकड़ों का एकत्रीकरण मीनाक्षी परसनलिटी इन्वेटरी, भटनागर सेल्फ कन्सेप्ट इन्वेटनरी तथा रेवन्स स्टेन्डर्ड प्रोग्रेसिव मेट्रेक्स एण्ड कुमूलेटिव रिकॉड कार्ड द्वारा किये गये ।

आँकड़ों का विभेदीकरण में 'टी' टेस्ट का प्रयोग किया गया।

निष्कर्ष-

1- परास्नातक स्तर पर अनुसूचित जाति तथा जनजाति के विद्यार्थियों ने काफी उपलब्धि प्राप्त की परन्तु उनमे अन्तर आत्मग्लानि भावना पायी गयी ।

2- सामान्य जाति के परास्नातक विद्यार्थी अधिक प्रभावशाली, उत्साही तथा उनका व्यक्तित्व अधिक आत्मविश्वास पूर्ण था।

3- परास्नातक स्तर पर अनुसूचित जाति के विद्यार्थी अधिक आत्मविश्वासी तथा अधिक उपलब्धि प्रदर्शित करने वालों में से थे ।

4- स्नातक स्तर पर पिछड़ी जाति के विद्यार्थी, सामान्य जाति के विद्यार्थियों से अधिक कुशल, आत्मविश्वासी पाये गये ।

5- परास्नातक स्तर पर पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर अनुसूचित जाति के सापेक्ष कुछ अधिक अच्छा पाया गया ।

6- स्वायत्ता तथा सम्बद्धता की दृष्टि से अनुसूचित जाति जाति के स्नातक तथा परास्नातक विद्यार्थी औसत दर्जे के पाये गये ।

7- अनुसूचित जाति के छात्रों की तुलना में सामान्य जाति के विद्यार्थी अधिक मिलनसार अधिक विचारशील तथा सहनशील पाये गये ।

24- **पाण्डेय, कुलिन एण्ड सोलन्की, हन्सा**[51] (1978), "एन एक्सपेरीमेन्टल ट्राईआउट ऑफ दि इफेक्ट ऑफ इन्क्रीच्ड लेवेल ऑफ एस्पाइरेशन ऑन एकेडेमिक एचीममेन्ट"

क्षेत्र - सूरत

न्यादर्श- 22 महिला विद्यार्थी (11 एक्सपेरीमेन्टल ग्रुप से तथा 11 कन्ट्रोलग्रुप से)

उपकरण- आकांक्षा स्तर के मापन हेतु गुजराती टेस्ट तथा देसाई, यह समूह बुद्धिपरीक्षा तथा शिक्षक द्वारा निर्मित (हिन्दी में) परीक्षक का प्रयोग किया गया।

ऑकड़ों का विभेदीकरण- एनालिसिस ऑफ वेरियन्स ।

निष्कर्ष- आकांक्षा स्तर का शैक्षिक उपलब्धि से सीधा सम्बन्ध पाया गया।

25- **सत्यार्थी, एम.के.** (1978), "डिवलपमेन्ट ऑफ स्केल टू मेजर स्टून्डेस एटीच्यूड टूवर्टस देयर स्कूल एक्सपीरीयन्सस"

स्थान - मुजफ्फरपुर

न्यादर्श- 764 हाईस्कूल के विद्यार्थी

विधि - 45 प्रश्नों से युक्त प्रश्नावली जो विद्यालय अनुभव पर आधारित थी।

ऑकड़ों का एकत्रीकरण - सहसम्बन्ध।

निष्कर्ष- टेस्ट रीटेस्ट रिलायबिलिटी .91 तथा वेलिडिटी .70 पायी गयी।

26- **प्रसाद, डी. एण्ड विंग, एन.एन**[53] **(1979),**

कोरिलेशन ऑफ मेमोरी, विद् एज, एजूकेशन एण्ड इन्टेलीजेन्स "

न्यादर्श - 340 किशोर - आयुवर्ग - 20-45 वर्ष

विधि -

उपकरण- पी.जी.आई. मेमोरी स्केल का प्रयोग किया गया।, इसके अतिरिक्त डब्लू. ए.आई.एस के हिन्दी अनुवाद का भी प्रयोग किया गया।

आँकड़ों का विश्लेषण - सहसम्बन्ध

निष्कर्ष- पी.जी.आई. मेमोरी स्कोर का ऋणात्मक सह सम्बन्ध पाया गया। आयु तथा शिक्षा के मध्य (.36-.74) था। पी.जी.आई.स्मृति स्कोर शाब्दिक तथा क्रियाशील बौद्धिक अंक कहे .22 से .55 के मध्य थे।

27- **शर्मा, एम.सी.**[67] (1979) "ए साइकोलोजिकल स्टडी ऑफ एडजस्टमेन्ट प्रोब्लम्स ऑफ हारेजन्स शिड्यूल्डकास्ट एन्ड वेकवर्ड क्लास स्टूडेन्स ऑफ आगरा डिस्ट्रिक्ट ".

उद्देश्य -

1- हरिजन, अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति की दशा वर्ष 1965 में अत्यंत ही असंतोषजनक दर्शायी गयी जबकि उच्च वर्ग के विद्यार्थियों की दशा अत्यधिक संतोषजनक थी।

2- वर्ष 1977 में दोनों वर्गो, (हरिजन, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ी जाति) के मध्य आपसी सामंजस्य में काफी सुधार हुआ ।

3- सामंजस्य करने में वैयक्तिक आधार पर स्थापित सम्बन्धों का कोई प्रभाव देखने को नहीं मिला ।

4- नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वर्गो के विद्यार्थियों में आपसी सामंजस्य अधिक पाया गया जबकि ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न वर्गो के मध्य आपसी सामांजस्य बहुत कम था ।

5- सामान्य वर्ग तथा अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के मध्य उल्लेखनीय अन्तर पाया गया।

28- डिसूजा, वी.एस.[20] (1980)," एजूकेशनल इनइक्वालिटीज एमन्ग शिड्यूल्ड कास्ट, ए केस स्टडी इन दि पंजाब "

उद्देश्य-

1- पंजाब प्रान्त में सामान्य वर्ग तथा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के मध्य शैक्षिक संरचना अन्तर ज्ञात करना ।

2- अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों में शैक्षिक विकास की गति मन्द होने के बारे में जानकारी करना ।

3- अनुसूचित जाति वर्ग के विभिन्न समूहों में ही शैक्षिक असमानता का अध्ययन करना।

न्यादर्श और उपकरण -

वर्ष 1961 से 1971 के मध्य पंजाब राज्य की स्थिति के अनुसार न्यादर्श का चुनाव किया गया। कुल अनुसूचित जाति की जनसंख्या का 94.15% न्यादर्श में सम्मिलित किया गया।

यह ऑकड़े पंजाब शिक्षा विभाग के वार्षिकी से एकत्र किये गये थे।

निष्कर्ष-

1- शोध से यह निष्कर्ष निकला कि अनुसूचित जाति तथा शेष समाज की बीच शैक्षिक असमानता का कारण लम्बे समय से उन दोनों के बीच समाजिक आर्थिक स्तर के असमानता ही है।

2- यद्यपि अनुसूचित जाति तथा शेष समाज के बीच असमानता है परन्तु सबसे ज्यादा अलगाव तो स्वयं अनुसूचित जाति के धनी एवं गरीब वर्ग के बीच ही है।

3- शैक्षिक असमानता सामान्य तथा अनुसूचित जाति में तो भी है साथ ही समाज के विभिन्न स्तरों जो कि प्रदेश तथा क्षेत्र के कारण विभाजित है, असमानता का प्रमुख कारण है।

4- सामाजिक आर्थिक स्तर तथा व्यावसायिक स्तर भी शैक्षिक असमानता हेतु आपस में सहसम्बन्धित पाये गये ।

29- **जोशी, एस.डी.[26] (1980)**, 'एजूकेशनल प्रोबलम्स ऑफ दि शिडयूल्ड कास्ट एण्ड शिडयूल्ड ट्राइब्स ऑफ बड़ौदा डिस्ट्रिक्ट'.

उद्देश्य :-

सामाजिक आर्थिक और शैक्षिक कारणों के परिप्रेक्ष्य में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की समस्याओं का अध्ययन करना ।

लक्ष्य :-

1- सामाजिक आर्थिक पर्यावरण के परिप्रेक्ष्य में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की शैक्षिक समस्याओं का अध्ययन ।

2- ऐसे विद्यार्थियों के आकांक्षा स्तर तथा विद्यालय से उनके क्रियाकलापों तथा उपलब्धियों का अध्ययन ।

3- माता-पिता और शिक्षकों का उनकी शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण ।

न्यादर्श - 495 हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थी 108 कालेज स्तर के विद्यार्थी तथा समान संख्या में माता-पिता को चुना गया जिनमें 111 तथा 164 विद्यार्थी क्रमशः अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के थे ।

उपकरण- विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों के लिये अलग-अलग प्रश्नावली का निर्माण किया गया जिसमें, सामाजिक आर्थिक, मनोवैज्ञानिक तथा शैक्षिक अवधारणाओं सम्बन्धित प्रश्नों को समाहित किया गया।

निष्कर्ष-

1- 82% विद्यार्थियों के पिता साक्षर ही नहीं थे अथवा कक्षा 4 तक ही शिक्षा प्राप्त थे।

2- 95% लोग किसान थे अथवा भूमिहीन मजदूर थे ।

3- 95% माता में बिलकुल अनपढ़ थी ।

4- 65% माता-पिता अपने बच्चों के भरणपोषण ही नहीं कर पाते थे अतः शिक्षा के प्रति उनका कोई लगाव अपने बच्चों हेतु नहीं था ।

5- बच्चों का शैक्षिक स्तर अत्यंत निम्न होने के कारण उनके माता-पिता का अपने बच्चों के प्रति कोई रूचि नहीं दिखाई ।

6- अध्यापक अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से विद्वेष रखते है जिसके कारण उन्हें निम्न स्तर का व्यवसाय सुझाते है।

30- सनी, वी.[58] (1980),"सेल्फ कन्सेप्ट एण्ड अदर नॉन कागनेटिव फेक्टर्स एफेक्टिंग दि ऐकेडमिक एचीवमेन्ट ऑफ, दि शिड्यूल्ड कास्ट स्टूडेन्टस इन इन्स्टीच्यूसन्स फॉर हायर टेक्नीकल एजूकेशन "।

परिकल्पना - अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों में कोई उल्लेखनीय अन्तर नहीं है ।

न्यादर्श- साठ (60) अनुसूचित जाति तथा अनु0 जनजाति के विद्यार्थी तथा इतनी ही संख्या में सामान्य जाति के विद्यार्थी ।

उपकरण- आँकड़ों का एकत्रीकरण हेतु अनुसंधानकर्ता द्वारा स्वयं एक प्रश्नावली का निर्माण किया पर सम्बन्धी पृष्ठभूमि जानने हेतु एक अलग प्रश्नावली का निर्माण किया । ग्रेड के आधार पर चौथे सेमेस्टर के अन्त में शैक्षिक उपलब्धियों का मूल्यांकन किया गया।

विधि- आँकड़ों का एकत्रीकरण 'टी-परीक्षण' तथा प्रोटेक्ट मुवमेन्ट मेथड द्वारा किया गया।

निष्कर्ष-

1- अनुसूचित जाति के बच्चों का शैक्षिक उपलब्धि का स्तर सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों से न्यून था ।

2- अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि, शिक्षण संस्थाओं की गुणवत्ता पर निर्भर थी ।

31- अरून, एन.एस. (1981)- ए स्टडी ऑफ दि फेक्टर्स इन्फ्लूएन्सिंग दि एचीवमेन्ट ऑफ स्टेन्डर्ड *VII* स्टूडेन्टस बिलोंगिंग टू शिडूल्डकास्ट एण्ड शिडूल्डउ ट्राइवस हूज मीडियम ऑफ इन्स्ट्रक्शन इज कनाडा।"

उद्देश्य-

1- कक्षा 6 में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की शैक्षिक उपलब्धियों का सामान्य जनसंख्या से तुलना ।

2- अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों में जाति के आधार पर, स्थान के आधार पर तथा लिंग के आधार पर शैक्षिक उपलब्धियों का अध्ययन करना ।

3-अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों में बुद्धि तथा शैक्षिक उपलब्धि के बीच सम्बन्ध ज्ञात करना ।

4- अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों में शैक्षिक उपलब्धियों के बीच चयनित तत्वों के प्रभाव का अध्ययन करना ।

न्यादर्श- कर्नाटक प्रदेश की 21 शैक्षिक संस्थाओं में कक्षा 7 में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को चुना गया।

उपकरण- वेटरी उपलब्धि परीक्षण तैयार एवं स्तरीकृत किया गया तथा प्री-मल्था नॉन वरवल ग्रुप ऑफ इन्टेलीजेन्सटेस्ट का प्रयोग विश्वसनीयता स्तर जाने हेतु किया गया।

विधि- 'टी' परीक्षण, सहसम्बन्ध गुणांक तथा स्टेपवाइज रिग्रेशन एनालिसिस प्रयोग की गयी।

निष्कर्ष-

1- अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के कक्षा 6 में अध्ययन करने वाले छात्रों का स्तर सामान्य वर्ग से निम्न था ।

2- ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का स्तर नगरक्षेत्र के विद्यार्थियों की तुलना में काफी निम्न था ।

3- लड़कों की शैक्षिक उपलब्धि लड़कियों से अधिक थी ।

32- रंगारी, ए. डी. (1981) "औरंगाबाद के अनुसूचित जाति और गैर अनुसूचित जाति कालेजों के विद्यार्थियों का तुलनात्मक अध्ययन ।"

उद्देश्य-

1- अनुसूचित जाति और गैर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को स्व अवधारण, अन्तर्व्यक्तिगत संबंधों, व्यक्तित्व समायोजन, **बुद्धि और शैक्षिक उपलब्धि** के आधार पर तुलना करना ।

2- लिंग एवं नगरीय-ग्रामीण पृष्ठ भूमि के कारण भी तुलना की गई ।

न्यादर्श- 1197 विद्यार्थी, 676 अनुसूचित जाति के और 521 गैर अनुसूचित जाति के ।

उपकरण- नेफेड संरचनात्मक प्रारूप का बुद्धि का अशाब्दिक परीक्षण शैक्षिक उत्पत्ति के लिए।

शोध- बुद्धि के आधार पर गैर अनुसूचित जाति विद्यार्थी अनुसूचित जाति विद्यार्थियों से अच्छे हैं और नगरीय ग्रामीणों से, लिंग भेद ध्यान देने योग्य नहीं थे ।

2- शैक्षिक उपलब्धि के आधार पर गैर अनुसूचित जाति विद्यार्थी, अनुसूचित जाति विद्यार्थी से अच्छे थे। अनुसूचित जाति विद्यार्थियों में छात्राओं ने छात्रों से अच्छा किया । जबकि गैर अनुसूचित जाति विद्यार्थियों के मध्य छात्रों ने छात्राओं से अच्छा किया। ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा नगरीय क्षेत्रों के छात्रों ने अच्छा किया।

33- सिंह एल.बी. (1981) "हिन्दू जाति और पढ़े लिखे हरिजनों की बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन ।"

न्यादर्श- भागलपुर विश्वविद्यालय के डिग्री कक्षाओं के 100 पुरूष हरिजन और 100 हिन्दू जाति के विद्यार्थी ।

विधि- हरिजन और हिन्दू जाति के विद्यार्थियों की यांत्रिक बुद्धि का निर्धारण चित्र प्रतियोगिता के आधार पर किया गया। चित्र व्यवस्था, वस्तु संग्रह और प्रदर्शन उप पैमाना वेशलर वयस्क बुद्धि पैमाना से ।

प्रदत्त विश्लेषण - माध्य, प्रामाणिक विचलन और 'टी' मान निकाला गया।

परिणाम- हरिजनों, की बुद्धि हिन्दू जाति के विद्यार्थियों से कम पायी गयी - जे. फर्नान्डेस ।

34- उपाध्याय, एच.सी (1981) " कुमाऊँ हिल्स में अनुसूचित जाति की समस्यायें ।"

उद्देश्य-

1- कुमाऊँ क्षेत्र के अछूतों की प्रस्तुत परिस्थितियों का पता लगाना, और उन सामाजिक स्थितियों को उजागर करना जिनके कारण उच्च जाति में आटोक्रेटिक व्यवहार उत्पन्न हुआ ।

2- अछूत जाति के पिछड़ेपन के कारणों और कारकों का पता लगाना ।

3- सरकारी कल्याण उपायों का प्रभावों ।

4- अर्न्तजातीय संबंध को पुनः बनाने की द्वाष्टि से सामाजिक सांस्कृतिक मीलू का निर्माण करना । और

5- कुमाऊँ हिल्स में अछूतों को ऊँचा उठाने के लिये सामाजिक योजना और नीति निर्माण की गाइडलाइन बनाना ।

न्यादर्श- बहु अवस्थात्मक स्वीकृत संभाव्य निदर्शन विधि से 300 अछूतों का न्यादर्श प्राप्त किया गया।

परिणाम-

1- अधिकतर हरिजन परिवार (74%) प्रकृति से अस्पष्ट थे ।

2- बाल विवाह आम बात थी (29%) परन्तु वयस्क (39%) और देर से विवाह (26%) असमान्य बात नहीं थी ।

3- हरिजनों का मंदिरों में प्रवेश निशेध था (59.33%) दूसरी तरफ 57.33% इस कुरीति से बचे थे ।

4- शिक्षित व्यक्तियों ने अपने माता-पिता की और अधिक पक्ष में द्वाष्टि कोण रखते थे।

5- अछूतों का आंकाक्षा स्तर काफी उच्च पाया गया। यहाँ तक कि शिक्षित माता पिता में स्पष्ट रूप से प्राशासनिक और व्यावसायिक क्षेत्रों के कार्यो को पसन्द किया ।

35- अनुसूचित जाति के कालेज विद्यार्थियों की संबंधित बुद्धि।"

क्षेत्र - औरंगाबाद।

न्यादर्श- औरंगाबाद के 7 वरिष्ठ कालेजों के 1197 विद्यार्थी, 676 अनुसूचित जाति, और 521 गैर अनुसूचित जाति विद्यार्थी ।

विधि उपकरण - बुद्धि का अशाब्दिक परीक्षण (नैफेड 1961) निर्देश मराठी में दिये गये ।

प्रदत्त विश्लेषण- माध्य, प्रमाणिक विचलन, आवृत्ति काई स्क्वायर, 'टी' परीक्षण ।

परिणाम- गैर अनु. जाति के एक बड़े समूह की बुद्धि लब्धि काफी उच्च थी। तब अनु. जाति के विद्यार्थी सामाजिक आर्थिक रूप से नियंत्रित थे गैर अनु. जाति के समूहों ने वरिष्ठ शिक्षा कक्षाओं में उच्च स्कोर पदर्शित किया। तृतीय और चतुर्थ में वरिष्ठ शिक्षा कक्षाओं में कोई अंतर नहीं । *I, II* और *V* जब अनु.जाति और गैर अनु. जाति में विषयों का उपविभाजन लिंग और निवास क्षेत्र के आधार पर शहरीय और ग्रामीण क्षेत्र के पुरूषों के मध्य और शहरी स्त्रियों के बीच किया गया, गैर अनु.जाति के विद्यार्थियों का आई.क्यू. अनु. जाति के समूह से उच्च पाया गया। ग्रामीण औरतों में कोई महत्वपूर्ण अंतर दिखाई नहीं पड़ा । अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को पौष्टिक और पर्यावरणीय उच्चता देने की प्रयास की आवश्यकता है।

36- बेगम, एफ. और एच.ए. बेगम (1985) "शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों के दृष्टिकोण से सम्बन्धित कारक ।"

क्षेत्र - **ढाका।**

न्यादर्श- 724 विद्यार्थी, 301 पुरूष, 423 स्त्री विद्यार्थी ढाका शहर के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों से। ढाका शहर के विभिन्न क्षेत्रों के 116 गैर अनुजाति के वयस्क (76 पुरूष और 40 स्त्रियां)

विधि- उपकरण- शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण का अनुमान करने के लिये एक लिकर्ट टाइप प्रश्नवली।

प्रदत्त विश्लेषण- प्रसारण विश्लेषण, शतांसीय मान ।

परिणाम - शैक्षिक स्तर लिंग और पिता की शिक्षा के अनुसार विद्यार्थियों का दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण अंतर है। विश्वविद्यालय स्तर की अपेक्षा स्कूल और कालेजों विद्यार्थियों का दृष्टिकोण शिक्षा के पक्ष में अधिक था । महिलाओं का दृष्टिकोण पुरूषों की अपेक्षा अधिक पाया गया। उच्च शैक्षिक वाले पिता के पुत्रों ने अधि. पक्ष में दृष्टिकोण प्रस्तुत किया । शताशीय मानों को व्यक्तिगत प्राप्तांकों के लिये प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों का दृष्टिकोण उनसे अधिक पक्ष में था जो विद्यार्थी नहीं है। - के वर्मा

37- हाल्पिन ग्लेनले, हाल्पिन जिराल्ड और विहडाल थामस[25] (1986) "किशोरों के आकांक्षा स्तर से संबंधित कारक ।"

न्यादर्श - अनुसंधान कर्ताओं ने 60 अमेरिकन भारतीय किशोरो (आयु 12-18) और 88 व्हाइट एजमेच्ड किशोरों के आकांक्षा स्तर पर सफलता, असफलता और आर्थिक प्रभावों का अध्ययन किया, जाति, लिंग श्रेणी, सेल्फ स्टीम और लोकस आफ कन्ट्रोल को स्वैतिक मध्यस्थ चरों के रूप में माना गया।

परिणाम आया कि एक महत्वपूर्ण गिरावट आकांक्षा स्तर पर असफलता के कारण आयी। यह प्रभाव जूनियर हाई स्तर पर अधिक दिखा । सफलता और आर्थिक प्रभाव आकांखा स्तर को उच्च स्तर तक ले गये ।

शोध ने यह निष्कर्ष दिया कि किशोर अपने जीवन और कैरियर लक्ष्य के निर्धारण में प्रयास रहा है।, उनके उन क्षेत्रों में जहाँ कि वे असफल रहे ऊँचे लक्ष्य स्थापित नहीं कर पाये ।

38- संधू टी. एस. (1986) "बुद्धि और शैक्षिक निस्पत्ति में जातिगत अंतर का अध्ययन "।

परिकल्पना -

1- अनु. जाति, पिछड़े और सामान्य वर्ग के छात्रों में बुद्धि की दृष्टि से कोई

महत्वपूर्ण अंतर नहीं है।

2- अनु जाति, पिछड़े और सामान्य वर्ग के विभिन्न स्कूलों विषयों में छात्रों के प्रदर्शन में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है।

न्यादर्श- पंजाब के अमृतसर और फरीद कोट जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के 12 हाईस्कूलों के x क्लास विद्यार्थियों में से अध्ययन के लिये न्यादर्श का चुनाव किया गया। एक समूह से केवल 15 वर्ष के आयु के बच्चों को लिया गया। जिनमें से 175 विद्यार्थी (88 लड़के और 87 लड़कियां) सामान्य रूप से चुने गये ।

प्रयुक्त परीक्षण -

1- कैलेल का कल्चर फेयर इंटेलीजेंस टेस्ट (स्केल-2)

2- विद्यालयी विषयों में शैक्षिक उपलब्धि ।

पाँच विद्यालय विषयों में उपलब्धि का मापन, जैसे कि गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, पंजाबी और हिन्दी, स्कूल रिकार्ड से लिया गया। स्पष्ट लाभ के लिये प्रत्येक मापन को 'टी स्कोर' में बदल दिया गया।

प्रदत्त का सांख्यिकीय विश्लेषण - बुद्धि परीक्षण और पाँच विषयों के अध्ययन में भी अनु. जाति, पिछड़े और सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के बीच प्रदर्शन के महत्वपूर्ण अंतर के परीक्षण के लिये अनोवा परी. का प्रयोग किया गया।

विद्यार्थियों के तीन समूहों के मध्य, (अनु. जाति, पिछड़ें और सामान्य वर्ग) उनके बुद्धि परीक्षण के प्राप्तांकों और प्रदर्शन स्कूल के पाँच विषयों के आधार पर एफ-रेसियो 1.159 (बुद्धि) .081 (गणित) .155 (विज्ञान), 635 (अंग्रेजी) 1.156 (पंजाबी) और .319 (हिन्दी) में पाया गया। इनमें से किसी भी एफ. रेशियो का मान .05 स्तर पर सार्थक नहीं पाया गया। इससे स्पष्ट है कि यह तीनों समूह बुद्धि और शैक्षिक निष्पत्ति के संदर्भ में भिन्न नहीं है।

परिणाम - अध्ययन के परिणाम, यह प्रकाशित करते हैं कि अरली टरीक्राइटेरिया के प्रवेश का निम्नीकरण का खालीपन और परीक्षा उद्देश्य अनु. जाति के संदर्भ में है ।

इसलिये यह निष्कर्ष निकलता है कि अनु.जाति और पिछड़े जाति के विद्यार्थी किसी भी प्रकार से सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों से निम्न नहीं है। अतः प्रवेश और परीक्षा उद्देश्य के संदर्भ में इन जातियों के शैक्षिक स्तर में गिरावट साधारण रूप से इनको अन्य जातियों की तुलना में निम्न श्रेणी का बताने का ठप्पा लगाना है जिससे अन्य लोगों में घृणा और डालना विकसित हो रही है उन्हें जिस चीज की वास्तव में आवश्यकता है कि उन्हें- अभिप्रेरणा और व्यावहारिक पर्यावरण अध्ययन के लिये प्रदान किया जाय ।

39- मेहता, प्रभा और कुमार दिलीप (1988) ' शैक्षिक निष्पत्ति का बुद्धि व्यक्तित्व, समायोजन, अध्ययन की आदतें और शैक्षिक अभिप्रेरण से संबंध। "

न्यादर्श- 60 पुरूष और 60 स्त्री परास्नातक विद्यार्थियों को लिया गया।

विधि - उपकरण दि आईसेंक पर्सनालिटी इनवेन्टरी, एच.डी. कार्टर द्वारा निर्मित स्टडी सर्वे (1958) एस. जलोटा द्वारा निर्मित एक सामान्य समूह मानसिक योग्यता परीक्षण ।

परिणाम - परिणाम में यह बताया कि बुद्धि के रूप में मनोवैज्ञानिक चर संबंधित नहीं है। और उपलब्धि में स्वतंत्र ही स्वतंत्र चरों केमध्य मुश्किल से ही कोई संबंध की क्रमबद्धता थी ।

40- श्रीवास्तव, आर.के. और बी. रावत, (1993), 'एटीटच्यूट आफ हरिजन बूमैन टूण्डर्स एजूकेशन, ए कम्परेटिव स्टडी ऑफ ए सिटी एण्ड इटस सराउन्डिग विलैजिज "

क्षेत्र - **गढ़वाल**

विधि - प्रश्नावली 2x2 फेक्टोरियल डिजायन प्रयोग की गयी ।

ऑकड़ों का एकत्रीकरण - काई स्क्वायर टेस्ट।

निष्कर्ष-

1- नगर क्षेत्र में रहने वाली हरिजन महिलाओं की अभिवृत्ति शिक्षा के प्रति सृजनात्मक थी जबकि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में अभिवृत्ति (शिक्षा के प्रति) कम थी ।

उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न शीर्षकों पर भी पी.एच.डी. उपाधि हेतु शोधकार्य किये गये है।

41- **ओम प्रकाश (1981)** "ग्रामीण क्षेत्रों में हिन्दू और अनु.जाति के बच्चों के मध्य कुछ मनो सामाजिक चरों का अध्ययन।"

42- **प्रिंस एल.सी. (1981)** "तमिलनाडु के स्कूलों में अभाव ग्रस्त समूहों के विद्यार्थियों में शिक्षा के लिये आंकक्षा का अध्ययन ।"

43- **शर्मा राधारानी (1981)** " स्वअवधारणा, आंकक्षास्तर और मानसिक स्वास्थ्य शैक्षिक निष्पत्ति के कारकों के रूप में ।"

44- **यादव, एस.के. (1981)** "अनुसूचित जाति की उनकी शैक्षिक प्रगति की योजना के बारे में जागरूकता का अध्ययन ।"

तृतीय अध्याय

तृतीय अध्याय

****

(शोध प्राविधि)

शोध विधि: -

वर्तमान समय में शोध मनुष्य की प्रगति में एक आवश्यक एवं शक्तिशाली अभिकरण बनकर उभरा है । जब तक हम किसी भी शोध का व्यवस्थित ढंग से पूर्ण नहीं करेगें तब तक हमारी प्रगति में पर्याप्त विकास नहीं होगा । शोध क्षमता का महत्व उन लोगों के लिये और ज्यादा बढ़ जाता है जो व्यक्तिगत रूप से शोध में अपनी सक्रीय भागीदारी करना चाहते हैं । किसी भी शोध को पूर्ण करने में कई महत्वपूर्ण तथ्यों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पड़ती है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण तथ्य तो उपयोगी एवं तथ्यपूर्ण समस्या का चुनाव किया है, इसके साथ ही शोध की डिजाइन (प्रारूप), उपयुक्त सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग, शुद्ध एवं व्यवस्थित रूप से लिखना तथा उपयुक्त विधि तथा तकनीकी के प्रयोग से शोध को प्रभावी बताया जाना शामिल है। यह सब तथ्य सभी विषयों के शोध हेतु जितने महत्वपूर्ण है उतने ही महत्वपूर्ण शिक्षा सम्बन्धी शोधों पर ही समान रूप से लागू होते हैं ।

शैक्षिक शोध में भी अन्य विषयों के शोध के समान ही सामान्य लक्ष्य होते हैं इसके साथ ही अन्य शोधों की तरह वैज्ञानिक रीति से खोज करना, परिकल्पना एवं उपकल्पना का विकास, शोधविधि की योजना बनाना, ऑकड़ों को एकत्र करना तथा प्राप्त ऑकड़ों का विभेदीकरण करना, महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकालना तथा शोधग्रन्थ को लिखना शामिल है ।

ट्रेवर्स[80] के अनुसार, "शैक्षिक शोध वह क्रिया है जो व्यवहार के विज्ञान की ओर शैक्षिक परिस्थितियों में निर्देशित की जाती है । इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण का मुख्य उद्देश्य शिक्षार्थी को प्रभावी विधि द्वारा स्थायी ज्ञान प्रदान करना है ।"

सामान्य रूप से शैक्षिक शोधों के प्रारूपों को तैय्यार करने में जो विधियां प्रयोग में लायी जाती है। उन्हें तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है ।इन्हें सामान्य रूप से लेखकों ने आढ़ती मान्यता प्रदान की है ।

1- ऐतिहासिक विधिः- (हिस्ट्रिकल मैथड)

2- प्रयोगिक विधिः- (एक्पेरीमेन्टल मैथड)

3- विवरणात्मक विधिः- (डिस्क्रिप्टिव मैथड)

1- ऐतिहासिक विधि :-

इसका सम्बन्ध भूत से है तथा यह भविष्य को समझने के लिये भूत का विश्लेषण करता है। वास्तव में ऐतिहासिक अनुसंधान को उचित रूप में पूरा करना अत्यन्त कठिन है क्योंकि सही ऑकड़े प्रापत करने में बड़ी कठिनाई होती है ।

जान डब्लू बेस्ट के अनुसार,- " ऐतिहासिक अनुसंधान भूत का सम्बन्ध ऐतिहासिक समस्याओं के वैज्ञानिक विश्लेषण से है । इसके विभिन्न पद भूत के सम्बन्ध में नयी सूझ पैदा करते हैं जिसका सम्बन्ध वर्तमान और भविष्य से होता है ।"

एफ0एल0 छिटनी के अनुसार, "ऐतिहासिक अनुसंधान भूत का विश्लेषण करता है। इसका उद्देश्य भूतकालीन , घटना क्रम, तथय और अभिवृत्तियों के आधार पर ऐसी सामाजिक समस्याओं का चिन्तन एवं विश्लेषण करना है जिनका समाधान नहीं मिल सका है । यह मानव-विचारों और क्रियाओं के विकास की दिशा की खोज करता है जिसके द्वारा सामाजिक क्रियाओं के लिये आधार प्राप्त हो सके।"

ऐतिहासिक अनुसंधान के मूल उद्देश्यः-

1- जान डब्लू बेस्ट, रिसर्च इन एजूकेशन, पे0-86.

2- एफ.एल.व्हिट्ने, दि एलीमेन्ट ऑफ रिसर्च, पे0-92.

सामान्य रूप से तो ऐतिहासिक अनुसंधान के उतने उद्देश्य होगें जितने अनुसंधानकर्ता किन्तु मूल रूप से यइसके निम्नलिखित उद्देश्य हो सकते हैं ।

